मध्यप्रदेश
# एड्स टाइम्स

कार्यालयीन उपयोग हेतु
निःशुल्क वितरण

MPSACS

एनएसीपी–III
वर्ष–2010–11
अप्रैल से सितम्बर (संयुक्तांक)

मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति

## संपादक मण्डल


**संपादक**
**डॉ. मनोहर अगनानी**
परियोजना संचालक एवं
मिशन संचालक एन.आर.एच.एम.

**कार्यकारी संपादक**
**सविता ठाकुर**
संयुक्त संचालक, आई.ई.सी.

**सहायक संपादक**
**पूर्णिमा दुबे**
सहायक संचालक
(प्रकाशन एवं दस्तावेजीकरण)
**दीपक सरकार**
(सलाहकार, युवा मामले)
**विजय शर्मा**
प्रशिक्षण एवं संचार
सलाहकार, यूनिसेफ


**प्रकाशन सामग्री सहयोग**
**डॉ. यू.सी. यादव**
(संयुक्त संचालक, रक्त सुरक्षा)
**डॉ. रचना दुबे**
(उप संचालक, एस.टी.आई.)
**प्रशांत मलैया**
(उप संचालक, सीसीसी)
**रजी फ़राज**
(सहायक संचालक, आईसीटीसी)
**मोनल सिंह**
(सलाहकार स्वैच्छिक रक्तदान)
**सुनीला शर्मा राजा**
(सलाहकार, सिविल
सोसायटी मेनस्ट्रीमिंग)
**डॉ. संजय श्रीवास्तव**
सलाहकार, यूनिसेफ
**योगम्बर रावत**
डी.ए. आईईसी

## मध्यप्रदेश में रेड रिबन एक्सप्रेस ने बढ़ायी जागरूकता




मध्य प्रदेश के दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले आमजनों, महिलाओं, छात्रों–छात्राओं एवं सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को एच.आई.वी. /एड्स के प्रति गहन जानकारी देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय एड्स नियत्रंण संगठन द्वारा राजीव गांधी फांउडेशन की सहभागिता से दूसरे चरण में रेड रिबन एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। रेड रिबन एक्सप्रेस कार्यकम का आयोजन सफलतापूर्वक एवं भव्य तरीके से सम्पन्न हुआ। यह ट्रेन 5 से 28 अगस्त, 2010 के मध्य प्रदेश राज्य के ग्यारह जिलों में पहुंची। रेड रिबन एक्सप्रेस ने रोचक प्रदर्शनी सलाह, प्रशिक्षण तथा अन्य मनोरंजक एवं सूचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से जन मानस में एड्स के प्रति व्याप्त गलत धारणाएं, आशंकाएं तथा भय को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

रेड रिबन एक्सप्रेस का मध्य प्रदेश में 28 दिनों में 1,10,342 लोगों ने ट्रेन का अवलोकन किया तो 3557 लोगों ने परामर्श तथा 1553 ने जाँच करवाई। एसटीआई की जाँच करवाने में भी 744 लोग आगे आए। आउटरीच गतिविधियों के जरिये 90,153 लोगों तक जानकारी पहुंचाने का प्रयास किया गया। इन लोगों के माध्यम से स्वस्थ जीवन एवं सुरक्षित




(शेष पृष्ठ क्रमांक 3 पर)



आकल्पन सहयोग – मेसर्स शाईन आफसेट प्रिंटर, भोपाल
निर्माण सहयोग – सपोर्ट फॉर इम्प्लीमेंटेशन एंड रिसर्च, लखनऊ

संपादकीय..........

# रेड रिबन एक्सप्रेस : संयुक्त प्रयासों की सफलता



पूरे देश में एचआईवी/एड्स संक्रमण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य के साथ पहुंची रेड रिबन एक्सप्रेस का प्रदेश में भरपूर स्वागत हुआ। ऑडियो/वीडियो आधुनिकतम संचार सामग्री के माध्यम से सुसज्जित संदेशों और जानकारी को प्राप्त करने में महिलाएं भी पीछे नहीं रही। रेड रिबन एक्सप्रेस की व्यवस्था कुछ ऐसी थी कि महिलाएं, लड़कियां और युवा वर्ग भी मानों बरसों से मन में उमड़–घुमड़ रहे सवालों का जवाब पाने में जुटे रहे और सफल भी हुए।

आउटरीच गतिविधियों के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से एचआईवी/एड्स जागरूकता संदेशों से सुसज्जित मोबाइल वैन ने आडियो संदेश तथा वीडियो फिल्म के माध्यम से प्रचार–प्रसार किया। साथ ही नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को संक्रमण के कारण, बचाव और उपलब्ध सेवा केन्द्रों के बारे में जानकारी दी। दल के सदस्यों ने स्थानीय भाषा, खेल आदि के माध्यम से बड़ी सहजता के साथ उपस्थित दर्शकों को संक्रमण के कारण और उससे खुद को एवं अपने अपनों को बचाए रखने के उपाय भी बताये।

मध्यप्रदेश में यह अभियान सफल हो सका है सभी 11 जिलों के प्रशासनिक सहयोग से। सभी ने उत्साह और समर्पण भाव से अभियान को सफल बनाने में अपनी ओर से भरपूर योगदान दिया। हम सभी सहयोगी संस्थाओं जैसे यूनिसेफ, पी.एस.आई, पॉपुलेशन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया, लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना संचालित कर रही गैर सरकारी संस्थाएं, राष्ट्रीय सेवा योजना, नेहरू युवा केंद्र, नेशनल केडेट कोर और मध्यप्रदेश नेटवर्क ऑफ पॉजिटिव पीपुल्स लिविंग विथ एच आई वी/एड्स आदि के सहयोग के प्रति आभारी हैं।

मेरा मानना है कि अभियान किसी विषय के प्रति लोगों का ध्यान आकर्षित करने और वातावरण निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है किन्तु, जब तक सतत् और सार्थक प्रयास लक्ष्य समूह को दृष्टिगत रखते हुए नहीं किए जाएंगे तब तक हम अपने उद्देश्यों को प्राप्त नहीं कर सकते। जागरूकता और प्रचार–प्रसार के अलावा हमारा मुख्य लक्ष्य है प्रदेश में एच.आई.वी./एड्स से संबंधित सेवाओं जैसे एच.आई.वी./एड्स परामर्श एवं जॉच, पी.पी.टी.सी.टी. सेवाएं, देखभाल सहायता सेवाएं (ए.आर.टी. केन्द्र) का विस्तार ताकि अधिक से अधिक लोगों को जॉच और उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। आशा है शासन, सहयोगी संस्थाओं व संगठनों के सम्मिलित प्रयासों से हम इस दिशा में उल्लेखनीय योगदान कर सकेंगे।

**शुभकामनाओं सहित.......**

(डॉ. मनोहर अगनानी)
परियोजना संचालक

(पृष्ठ क्रमांक 1 का शेष)

**मुख्य आकर्षण**

- एचआईवी/एड्स की जानकारी
- प्रशिक्षण
- परामर्श एवं परीक्षण
- यौन रोगों/संक्रमण का इलाज
- लोक कार्यक्रम व प्रदर्शनी

यौन व्यवहार परिवर्तन का संदेश इनके परिवार तथा समुदायों तक भी पहुंचा है।

रेड रिबन एक्सप्रेस जन सामान्य के बीच चलायी गई, किंतु इसमें मुख्य रुप से महिलाओं और युवाओं को फोकस किया गया। इनमें प्रमुख रूप से युवा, महिला समूह (स्वयं सहायता समूह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा, ए.एन.एम) स्कूलों एवं कालेजों में अध्ययनरत छात्र/छात्रायें (एन.एस.एस और एन.सी.सी) पंचायत प्रतिनिधि, स्कूलों से बाहर के समुदाय के युवा, स्वास्थ्य सेवा प्रदाता, आदि पर विशेष जोर दिया गया।



सांसद कैलाश जोशी उद्बोधन देते हुए


## मुख्य उद्देश्य




रेड रिबन एक्सप्रेस का प्रमुख उद्देश्य एचआईवी/एड्स संक्रमण से जीवन को बचाय रखने की जानकारी देना और इस संक्रमण के साथ जी रहे लोगों के लिए भेदभाव एवं कलंक को खत्म करने के लिए समाज में सकारात्मक माहौल तैयार करना है। एचआईवी संक्रमण के अलावा अन्य बीमारियों यथा टी.बी., मलेरिया, स्वाइन फ्लू से बचाव के उपाय एवं इलाज की जानकारी देने के साथ प्राथमिक देखभाल एवं सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

## ट्रेन की प्रदर्शनी का अवलोकन


रेड रिबन एक्सप्रेस के शुरुआती चार कोच में आडियो/वीडियो संचार सामग्री के जरिए आकर्षक व जानकारी से युक्त प्रदर्शनी लगाई गई थी। पहले कोच में एचआईवी/एड्स के जैव चिकित्सकीय पहलुओं को टच स्क्रीन और थ्री डी मॉडल के माध्यम से प्रदर्शित किया गया था। 11 दिन के सफर में कुल 1,10,342 लोगों ने ट्रेन का अवलोकन किया। जिसमें 29,791 महिलाएं तथा 80,551 पुरुष शामिल हैं।







**एच.आई.वी. जांच एवं परामर्श :** रेड रिबन एक्सप्रेस में लोगों को आई.सी.टी.सी. परामर्शदाताओं द्वारा निःशुल्क परामर्श प्रदान किया गया तथा कुछ प्रकरणों में एच.आई.वी. जांच भी कराई गई। कुल 3557 लोगों ने परामर्श प्राप्त किया। जिसमें 599 महिलायें एवं 2958 पुरूष सम्मिलित थे। 790 व्यक्तियों को रतलाम रेलवे स्टेशन पर परामर्श दिया गया।


मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा एच.आई.वी. संक्रमण का पता लगाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थी। इसके लिये पृथक तौर पर आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। सभी 11 स्टेशनों पर कार्यक्रमों के आयोजन के दौरान कुल 1553 व्यक्तियों के रक्त में एच.आई.वी. परीक्षण किया गया। इसमें कुल 199 महिलायें तथा 1354 पुरूषों ने एच.आई.वी. परीक्षण कराया।




**यौन संक्रमण का इलाजः** रेड रिबन एक्सप्रेस के कोच क्रमांक 6 में ही लोगों को यौन संक्रमण के तत्काल इलाज की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई थी। इसमें कुल 744 व्यक्तियों के यौन संक्रमण का इलाज किया गया। इनमें 193 महिलायें एवं 551 पुरूष मरीज थे। यद्यपि यह संख्या बहुत अधिक नहीं कही जा सकती है, किन्तु इस कार्यक्रम के प्रभाव के कारण इतनी संख्या में महिलायें व ग्रामीण पुरूषों ने संकोच का त्याग करते हुये इलाज कराया, यह उल्लेखनीय है। इसमें सर्वाधिक 114 लोगों का इलाज सतना रेलवे स्टेशन पर किया गया।




**प्रशिक्षण :** रेड रिबन एक्सप्रेस ट्रेन के पांचवें कोच में विशेष चयनित समूहों यथा पंचायत विभाग, पुलिस विभाग, स्वसहायता समूह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्कूल एवं महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं शिक्षक, युवाओं एवं महिलाओं के समूह, शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधि, राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र–छात्राओं को एचआईवी/एड्स से जुड़ी जानकारियां प्रशिक्षण के माध्यम से दी गई। प्रशिक्षण के एक बैच में 60 लोगों के समूह ने प्रशिक्षण लिया। एक दिन में तीन सत्र



आयोजित किये जाने थे परन्तु कुछ जिलों जैसे जबलपुर, रतलाम एवं मंदसौर में प्रशिक्षणार्थियों के समूह अधिक तैयार होने की वजह से अतिरिक्त बैच बनाकर प्रशिक्षण दिया गया। इसमें मध्य प्रदेश के विभिन्न भागों में स्थित 11 स्टेशनों पर कुल 94 सत्रों के माध्यम से 5202 व्यक्तियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया गया। इसमें सर्वाधिक 681 व्यक्तियों को मदन महल रेलवे स्टेशन पर प्रशिक्षित किया गया।




**प्लेटफार्म पर प्रदर्शनी :** प्रदेश के सभी 11 स्टेशनों में ट्रेन की प्रदर्शनी के अतिरिक्त प्लेटफार्म पर भी प्रदर्शनी लगाई गई।



मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा प्रदर्शनी के लिए विशेष तौर से स्टैण्डीज, सनबोर्ड एवं डैंग्लर्स तैयार कर एचआईवी संक्रमण इससे बचाव और उपलब्ध सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई।

**आउटरीच गतिविधिः** ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रेड रिबन एक्सप्रेस एवं एचआईवी/ एड्स संक्रमण के बारे में जानकारी देने के लिए राज्य स्तर से ही आउटरीच गतिविधियां संचालित की गई। इसके तहत नुक्कड़ नाटक के कलाकारों एवं मोबाइल वेन के दलों ने एक साथ मिलकर ग्रामीण इलाकों में प्रदर्शन करके लोगों को जागरुक किया तथा सुरक्षित यौन व्यवहार अपनाने की प्रेरणा दी। इसमें कुल 90,153 दर्शकों ने भाग लिया, जिसमें 18,861 महिलायें एवं 71,292 पुरुष दर्शक उपस्थित थे।




| रेलवे स्टेशन एवं यात्रा तिथि | |
|---|---|
| हरदा | 6 अगस्त, 2010 |
| हबीबगंज (भोपाल) | 7–8 अगस्त, 2010 |
| शुजालपुर (शाजापुर) | 9–10 अगस्त, 2010 |
| उज्जैन | 11–12 अगस्त, 2010 |
| रतलाम | 13–14 अगस्त, 2010 |
| मन्दसौर | 15–16 अगस्त, 2010 |
| शिवपुरी | 18–19 अगस्त, 2010 |
| कटनी | 21–22 अगस्त, 2010 |
| शहडोल | 23–24 अगस्त, 2010 |
| मदन महल(जबलपुर) | 25–26 अगस्त, 2010 |
| सतना | 27–28 अगस्त, 2010 |

**सहयोगी संस्थाओं की पहल :** समिति से जुड़े शासकीय एवं अशासकीय संगठनों ने प्लेटफार्म में स्टाल लगाकर सेवाओं के बारे में जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल ने जहां टी.बी., मलेरिया, नसबंदी के बारे में जानकारी दी वहीं पॉपुलेशन सर्विस ऑफ इंडिया के सात फीट ऊंचे कण्डोम के पुतले ने सुरक्षित यौन व्यवहार अपनाने की प्रेरणा दी। महिला चेतना मंच, पॉपुलेशन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया ने जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया।

**नेटवर्क ने बांधी राखी :** एचआईवी संक्रमण के साथ जी रहे लोगों के समूह एमपीएनपी + ने सभी स्टेशनों पर स्टॉल

लगाकर लोगों से एचआईवी संक्रमित के प्रति सकारात्मक व्यवहार रखने की अपील के साथ एचआईवी/एड्स के प्रतीक चिन्ह की राखी बनाकर बांधी जिसे लोगों की भरपूर सराहना भी मिली। नेटवर्क के अध्यक्ष श्री मनोज वर्मा ने सभी स्टेशनों पर आने वाले विशिष्ट अतिथियों से मिलकर एच.आई.वी. संक्रमित व्यक्तियों व उनके परिवारों की तकलीफों से अवगत कराया। सभी विशिष्ट अतिथि व जन सामान्य ने नेटवर्क के सदस्यों का भरपूर सहयोग किया।

## रेड रिबन एक्सप्रेस टीम

मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के अधिकारी रेड रिबन एक्सप्रेस अभियान को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये गए थे। संयुक्त संचालक (आई.ई.सी.) राज्य स्तर पर समन्वयक थी वहीं विभिन्न जिलों हेतु भी समन्वयक नियुक्त किये गये जिन्होंने जिला अधिकारियों को मार्गदर्शन देकर रेडरिबन एक्सप्रेस अभियान को सफल बनाया।

**हरदा** : डॉ. यू.सी. यादव, संयुक्त संचालक (रक्त सुरक्षा), सलाहकार (युवा मामले) श्री दीपक सरकार, श्री पंकज पागे।

**हबीबगंज-भोपाल** : संयुक्त संचालक (वित्त) श्री एस.सी. तिवारी, श्री अतुल त्रिपाठी (लेखा सहायक)।

**शुजालपुर** : श्री वी.आर. निरगुडकर (वित्त अधिकारी) एवं श्री प्रणेश वारिज (भंडार अधिकारी)।

**उज्जैन** : श्री वी.आर. निरगुड़कर (वित्त अधिकारी) एवं श्री प्रणेश वारिज (भंडार अधिकारी)।

**रतलाम** : श्री विजय शर्मा (सलाहकार, यूनिसेफ) एवं श्री विक्रम रैनी (डिवीजनल असिस्टेंट)।

**मंदसौर** : श्रीमती पूर्णिमा दुबे (सहायक संचालक डाक्यूमेंटेशन एंड पब्लिसिटी) एवं श्री शिवकुमार कहार (डिवीजनल असिस्टेंट)।

**शिवपुरी** : श्री आर.एन. त्रिपाठी (उपार्जन अधिकारी) एवं श्री मुश्ताक शाह (डिवीजनल असिस्टेंट)।

**कटनी** : श्रीमती सुनीला शर्मा राजा (सलाहकार, सिविल सोसायटी), दीपक सरकार (सलाहकार युवा मामले), श्री पंकज पागे एवं श्री मुकेश जाटव।

**शहडोल** : श्री गौतम मुखर्जी (सांख्यिकी अधिकारी), श्री प्रदीप राय (डिवीजनल असिस्टेंट)।

**जबलपुर** : डॉ. रचना दुबे (उप संचालक), श्री सुनील कुमार (डिवीजनल असिस्टेंट)।

**सतना** : श्रीमती मोनल सिंह (सलाहकार, वीबीडी), सुनील (डिवीजनल असिस्टेंट), निलेश वाघुलदे (डिवीजनल असिस्टेंट)।



## रेड रिबन एक्सप्रेस

स्वयं सुरक्षित रहें सदा, रक्षा करें समाज की ।
खत्म करना एड्स को, है जरूरत आज की ।।
एच.आई.वी. से बचने का ये लाई है संदेश।
रेड रिबन एक्सप्रेस, रेड रिबन एक्सप्रेस ।।

फ़ल रही है तेजी से अब शामत कहीं ना आ जाये ।
एड्स बडी है बीमारी, बचना इससे लग ना जाये ।।
आओ अब हम जाने क्या है, बात इसके राज की ।
खत्म करना एड्स को, है जरूरत आज की ।।

एच.आई.वी. से बचने का ये लाई है संदेश।
रेड रिबन एक्सप्रेस, रेड रिबन एक्सप्रेस ।।
आओ समझे और समझाएं, जागे और जगाएं ।
अब हम इसके बारे में, जन–जन को बतलाएं ।।

एच.आई.वी. की चर्चा करना, बात नहीं है लाज की ।
खत्म करना एड्स को, है जरूरत आज की ।।
एच.आई.वी. से बचने का ये लाई है संदेश।
रेड रिबन एक्सप्रेस, रेड रिबन एक्सप्रेस ।

**गीतकार–श्री सूरज नागर "उज्जैनी"**
**आयुक्त**
**अति. क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**


# हरदा : रेड रिबन एक्सप्रेस का प्रथम पड़ाव



मंचासीन अतिथि।



स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत नृत्य तथा कठपुतली प्रदर्शन की झलक।



कलाकारों को पुरस्कृत करते जिलाधीश।



आकर्षक तरीके से दिया संदेश।



अपनी बारी का इंतजार करती महिलाएं।

दिनांक 06 अगस्त को इस शहर की जनता ने भरपूर जोश से ट्रेन का स्वागत किया। उद्घाटन कार्यक्रम की औपचारिकता पूरी होते ही प्रदर्शनी देखने के लिए कतारबद्ध लोगों के चेहरों में चमक आ गई। उद्घाटन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यामिनी मानकर, विशिष्ट अतिथि टिमरनी विधायक श्री संजय शाह एवं संतोष पाटिल तथा नगर पालिका हरदा के अध्यक्ष हेमंत टाले, समिति के संयुक्त संचालक (रक्त सुरक्षा) डॉ. यू.सी. यादव एवं संयुक्त संचालक (आई.ई.सी.) श्रीमती सविता ठाकुर उपस्थित थी।

### उल्लेखनीय योगदान के लिए आभार

कलेक्टर – श्री जे.आर. किंग्सले
जिला पंचायत अध्यक्ष – सुश्री यामिनी मानकर
नगर पालिका अध्यक्ष– श्री हेमंत टाले
पुलिस अधीक्षक – श्री आर.एस. उइके
एसडीएम – सुश्री मंजूशा राय
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी – डॉ.जे.एस. अवासे
महिला बाल एवं विकास अधिकारी– अंशुल बाला मसीद
एलबीएस कालेज संचालक – श्री राजीव खटे
श्री विमल जाट (सिनरजी संस्था), श्री विपिन अग्रवाल

**नोट :–** उपरोक्त नाम जिलों से प्राप्त सूची के आधार पर दिये जा रहे हैं। जिनका उल्लेख इस सूची में नहीं हो पाया है, उनके प्रति भी आभार।



कलाकार प्रदर्शन करते हुए।

| अवलोकन | प्रशिक्षणार्थी | परामर्श | एचआईवी जांच | एसटीडी इलाज |
|---|---|---|---|---|
| 6920 | 241 | 135 | 87 | 52 |




मंचासीन अतिथि।




सांसद कैलाश जोशी अवलोकन करते हुए।



जादूगर का जादू देखते छात्र।



उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित दर्शक।

| अवलोकन | प्रशिक्षणार्थी | परामर्श | एचआईवी जांच | एसटीडी इलाज |
|---|---|---|---|---|
| 5636 | 279 | 185 | 138 | 16 |

# हबीबगंज-भोपाल

प्राकृतिक हरियाली की चादर से ढकी और झीलों की नगरी भोपाल में हबीबगंज स्टेशन दिनांक 07 और 08 अगस्त 10 को शहरवासियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ ट्रेन का स्वागत किया। ट्रेन का उद्घाटन सांसद कैलाश जोशी ने किया। इस अवसर पर विधायक ध्रुवनारायण सिंह, सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग श्री एस आर मोहंती तथा समिति के परियोजना संचालक श्री अरूण तिवारी तथा कलेक्टर श्री निकुंज कुमार श्रीवास्तव, प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण शेजवार, राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के कार्यक्रम अधिकारी श्री राजेश राणा, समिति की संयुक्त संचालक सविता ठाकुर तथा यूनिसेफ के संचार अधिकारी भाई शैली उपस्थित थे।

## उल्लेखनीय योगदान के लिए आभार

कलेक्टर– श्री निकुंज कुमार श्रीवास्तव
मुख्य कार्यपालन अधिकारी–श्री सुरेन्द्र कुमार उपाध्याय
अतिरिक्त जिलाधीश– श्री रजनीश श्रीवास्तव
अनुविभागीय अधिकारी – श्री वृन्दावन सिंह
मुख्य चिकित्सा एवं स्वा. अधिकारी – डॉ. पंकज शुक्ला
जिला स्वास्थ्य अधिकारी–डॉ. श्रीमती किरण शेजवार
नोडल अधिकारी – डॉ. मनोज वर्मा
जिला टीकाकरण अधिकारी – डॉ. उपेन्द्र दुबे
सिविल सर्जन – डॉ. एस.के. सक्सेना
जिला शिक्षा अधिकारी – श्री चंद्रमोहन उपाध्याय
समन्वयक एनएसएस–श्री अनंत कुमार सक्सेना
जिला समन्वयक एनवायके– श्री श्रीकान्त पाण्डे
प्रभारी मीडिया अधिकारी – श्री एन.पी. दुबे
सहयोगी संस्थान – लेप्रा,एफपीआई, एमसीएम, डीएलएम, शिव कल्याण एवं शिक्षा समिति, क्रेजी बेग्स मित्र श्रृंगार समिति
सुपरवाइजर – श्री राजीव पांडे
परामर्शदाता – अंतिशा दुबे, यशपाल सिंह राजपूत, गोपाल झा, मनोज पटैरिया, गीता सिंह, गायत्री गंगराडे एवं सभी लैब टेक्नीशियन

**नोट :–** उपरोक्त नाम जिलों से प्राप्त सूची के आधार पर दिये जा रहे हैं। जिनका उल्लेख इस सूची में नहीं हो पाया है, उनके प्रति भी आभार।



मुख्य अतिथि नेटवर्क के सदस्य से फूल लेते हुए।




सांस्कृतिक कार्यक्रम की झलक।



विजेता पुरस्कार लेते हुए।



प्रशिक्षण की झलक।



पुलिस विभाग के अधिकारियों ने भी किया सवाल।

# शुजालपुर

दिनांक 10–11 अगस्त को शुजालपुर पहुंची ट्रेन को शहरवासियों ने ज़िंदगी जिंदाबाद के नारे के सही मायनों के साथ ग्रहण किया और स्वागत में पलक पांवड़े बिछाए। यहां ट्रेन का स्वागत विधायक जसवंत सिंह हाड़ा ने किया। मंच पर आसीन अन्य अतिथि थे कलेक्टर श्रीमती सोनाली वायंगणकर, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री नेमीचंद जैन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रचना जैन, एसडीएम श्री श्रीमन शुक्ला, एडिशनल एसपी राम श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण विभाग श्री के.के. लच्छे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जनार्दन अतुलकर, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जे.के. शर्मा, डॉ. सिसोदिया, जनप्रतिनिधि समिति की संयुक्त संचालक सविता ठाकुर, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित थी। अवधि में शुजालपुर की जनता ने ट्रेन में उपलब्ध एचआईवी/एड्स जागरूकता संदेशों की जानकारी लेने में भरपूर उत्साह दिखाया। यहां ट्रेन का उदघाटन एक भव्य समारोह के माध्यम से हुआ। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों ने जीवन को अनमोल बताते हुए खुशहाल जीवन जीने के लिए एचआईवी संक्रमण से बचाव की जानकारी प्राप्त करने की अपील की। उन्होंने एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों को समिति द्वारा संचालित सेवा केन्द्रों में उपलब्ध सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

## उल्लेखनीय योगदान के लिए आभार

कलेक्टर – श्रीमती सोनाली वयागांवकर
क्षेत्रीय विधायक – श्री जसवंत सिंह हाड़ा
भूतपूर्व विधायक एवं अध्यक्ष – श्री नेमीचंद जी जैन
नगर पालिका अध्यक्ष – श्रीमती रचना जैन
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी–श्री जनार्दन आतुलकर
एडिशनल एस.पी. – श्री रामजी श्रीवास्तव
एसडीएम – श्री श्रीमन शुक्ला
नोडल अधिकारी–डॉ. एच.सी. सिसोदिया, श्री संतोष मिश्रा
सुपरवाइजर – श्री आलोक रंजन मौर्य
परामर्शदाता – जया माहेश्वरी
विशेष योगदान – श्रीमती सुधा अग्रवाल, सुश्री शैलजा, श्री रिंकू संजय सोलंकी, ग्रीष्मा शाह, कामिनी गौड़, रूबिना

अभिमत जन विचार मंच, उड़ान महिला मंच, कंचन वेलफेयर सोसायटी, डॉ.के.के. भार्गव, डॉ.जी.एस चन्डावत, संतोष शर्मा, विनय भार्गव, मंजू शर्मा, डॉ. आलोक सक्सेना, प्रगतिशील महिला मंडल, लेखिका संघ, मधु मण्डलोई।

**नोट :–** उपरोक्त नाम जिलों से प्राप्त सूची के आधार पर दिये जा रहे हैं। जिनका उल्लेख इस सूची में नहीं हो पाया है, उनके प्रति भी आभार।

| अवलोकन | प्रशिक्षणार्थी | परामर्श | एचआईवी जांच | एसटीडी इलाज |
|---|---|---|---|---|
| 11543 | 508 | 227 | 105 | 40 |



दीप प्रज्वलन करते अतिथि।



ट्रेन का अवलोकन करते हुए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण राज्य मंत्री श्री पारस जैन।




प्लेटफार्म में लगे स्टॉल का दृश्य।

| अवलोकन | प्रशिक्षणार्थी | परामर्श |
|---|---|---|
| 7944 | 454 | 277 |

| एचआईवी जांच | एसटीडी इलाज |
|---|---|
| 154 | 65 |

## उज्जैन

तीर्थ तथा महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग की नगरी उज्जैन में दिनांक 11 एवं 12 अगस्त को ट्रेन ने नागरिकों के बीच एचआईवी की जागरूकता लाने के प्रयास किये। यहां ट्रेन का उद्घाटन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण राज्य मंत्री श्री पारस जैन ने किया। वक्ताओं ने अपने वक्तव्य में सरकार के इस प्रयास की सराहना करते हुए एड्स संक्रमण से बचने को प्रत्येक इंसान की पहली प्राथमिकता बताया। जन–जन तक एड्स के बारे में जागृति लाकर सभी को खतरनाक बीमारी से बचाने का प्रयास करना है। उद्घाटन कार्यक्रम में विधायक श्री शिवनारायण जागीरदार एवं नव निर्वाचित महापौर श्री रामेश्वर अखंड, जिला कलेक्टर श्रीमती एम. गीता, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पुष्पा चौहान, नगर निगम कमिश्नर श्री मुकेश शुक्ल, वन मण्डलाधिकारी डॉ. आर.बी.एस. कुशवाह, खाचरौद के अनुविभागीय अधिकारी श्री आर.पी. गहलोत, सामाजिक व्यास विभाग की संयुक्त संचालक सुश्री गीता कामठे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. के. के. अग्रवाल, समिति की संयुक्त संचालक सविता ठाकुर एवं स्कूली छात्र–छात्राएं आदि उपस्थित थीं।

### उल्लेखनीय योगदान के लिए आभार

कलेक्टर – श्रीमती एम. गीता,
संयुक्त संचालक (पंचायत एवं समाज सेवा)–श्रीमती गीता कामठे
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी–डॉ. के.के. अग्रवाल
नोडल अधिकारी एड्स – डॉ.के.एन. त्रिपाठी
प्रभारी आई.सी.टी.सी. जिला चिकित्सालय–डॉ. रविन्द्र श्रीवास्तव
सर्वशिक्षा अभियान– श्री भरत व्यास डी.पी.सी.
परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास–श्रीमती मीना निगम
साथी होम केयर, रेड रिबन क्लब–डॉ. प्रशांत पौराणिक, नेहरू युवा केन्द्र, नगर सुरक्षा समिति, भारत स्काउट गाईड, राष्ट्रीय सेवा योजना, अंकुर प्रगतिशील महिला केन्द्र, टी.आई. प्रोजेक्ट, जागृति नशा मुक्ति केन्द्र, आशा कार्यकर्ता जिला, अरूणोदय सर्वेश्वरी लोक कल्याण समिति।

**नोट :–** उपरोक्त नाम जिलों से प्राप्त सूची के आधार पर दिये जा रहे हैं। जिनका उल्लेख इस सूची में नहीं हो पाया है उनके प्रति भी आभार।








एनसीसी एवं एनएसएस के विद्यार्थी ट्रेन का अवलोकन करने के लिए पहुंचे।



रैली को हरी झंडी दिखाते जिलाधीश।



फीता काटते हुए नगरीय प्रशासन राज्यमंत्री श्री मनोहर जी उटवाल।



महिला रैली का दृश्य।

# रतलाम

रतलाम दिनांक 13–14 अगस्त के दौरान ट्रेन का लक्ष्य को हासिल करने का अगला पड़ाव प्रदेश का जिला रतलाम था जहां की नमकीन का स्वाद और खुशबू दूर बैठे लोगों के मुंह में पानी लाने से नहीं चूकता। यहां एक भव्य उद्घाटन समारोह के जरिये ट्रेन का उद्घाटन किया गया। यहां कार्यक्रम का उद्घाटन नगरीय प्रशासन राज्यमंत्री श्री मनोहर जी उटवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्री शैलेन्द्र जी डागा द्वारा की गई। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को रेड रिबन एक्सप्रेस का अवलोकन कर एचआईवी/एड्स संक्रमण के बारे में जानकारी हासिल करने की अपील की। कार्यक्रम में मण्डल रेल प्रबंधक श्री संजय कुमार पाठक, कलेक्टर श्री राजेन्द्र शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी वीणा सिन्हा एवं समिति की संयुक्त संचालक सविता ठाकुर उपस्थित थी।

## उल्लेखनीय योगदान के लिए आभार

जिला अधिकारी – श्री राजेन्द्र शर्मा

मुख्य चि. एवं स्वा. अधिकारी – श्रीमती वीणा सिन्हा

डिवीजनल ऑपरेशन मैनेजर पश्चिम मध्य रेल्वे – श्री ए.जी. पाण्डया

एस.एस. कमर्शियल – श्री आर.एन. पाण्डेय


नोडल अधिकारी – श्री एल.एस. चौहान

सहायक स्वास्थ्य विभाग – श्री संजय रावत

जिला कार्यक्रम प्रबंधक – श्री अजहर अली

कार्यक्रम संचालक, समर्पण, रतलाम– श्री मनीष रावल

**नोट :–** उपरोक्त नाम जिलों से प्राप्त सूची के आधार पर दिये जा रहे हैं। जिनका उल्लेख इस सूची में नहीं हो पाया है, उनके प्रति भी आभार।



अवलोकन करने उमड़ी भीड़।



बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी की भागीदारी।

| अवलोकन | प्रशिक्षणार्थी | परामर्श | एचआईवी जांच | एसटीडी इलाज |
|---|---|---|---|---|
| 9460 | 558 | 780 | 149 | 94 |



फीता काटते हुए जेल एवं परिवहन मंत्री माननीय श्री जगदीश देवड़ा।



जेल एवं परिवहन मंत्री माननीय श्री जगदीश देवड़ा और विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया अपनी राय अंकित करते हुए।



ट्रेन का अवलोकन करने उमड़ी भीड़।



दृश्य जादू के प्रदर्शन का।

# मंदसौर

दिनांक 15 और 16 अगस्त के दरमियान ट्रेन मंदसौर जिले में रही जहां आजादी के दिन को धूमधाम के साथ मनाते हुए रेड रिबन एक्सप्रेस का भी भरपूर स्वागत हुआ। यहां ट्रेन का उद्घाटन प्रदेश के जेल एवं परिवहन विभाग के मंत्री जगदीश देवड़ा और क्षेत्र के विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया के करकमलों से हुआ। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में एचआईवी/एड्स से लड़ने का एकमात्र उपाय जागरूकता व समझदारी बताया। रेड रिबन एक्सप्रेस में प्रदर्शित प्रदर्शनी को देखकर बताए गए संदेश के आधार पर जीवन को सही दिशा में व्यतीत करने की अपील की। उद्घाटन कार्यक्रम में कलेक्टर महेन्द्र ज्ञानी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कुशाल बाई निहालचन्द्र मालवीय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. अशोक भार्गव, अपर कलेक्टर आनंद जैन, जिला भाजपाध्यक्ष कारुलाल सोनी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण उपस्थित थे।

## उल्लेखनीय योगदान के लिए आभार

कलेक्टर – श्री महेन्द्र ज्ञानी
पुलिस अधीक्षक – श्री जी.के. पाठक
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी – डॉ. एम.के. पाटनी
अति. कलेक्टर –श्री आनंद कुमार जैन
सी.ई.ओ. जिला पंचायत – श्री अशोक कुमार भार्गव
ए.एस.पी. – श्री पंकज कुमार श्रीवास्तव
सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक – डॉ. एस.एस. वर्मा
आयुक्त अति. क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी – श्री सूरज नागर
उपसंचालक पशु चिकित्सा विभाग – डॉ. जे.के जैन
नोडल अधिकारी जि. एड्स नियंत्रण समिति– डॉ. आर.के. द्विवेदी
जिला शिक्षा अधिकारी – एम.एल. राठौर
जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी– सुश्री रेलम बघेल
जिला प्रशिक्षण अधिकारी – श्री परमार
सुपरवाइजर – श्री राजेश रजक
श्रीमती कल्पना ठन्ना, डॉ. एम.एल. कश्यप, श्री हेमन्त व्यास, श्री देवेन्द्र शर्मा, श्रीमती दीप्ती साहू, श्री रविन्द्र जोशी, श्री राकेश खेडेकर, कु. अंतिम बाला जैन, श्री अनिल कुमार सेन।

**नोट :–** उपरोक्त नाम जिलों से प्राप्त सूची के आधार पर दिये जा रहे हैं। जिनका उल्लेख इस सूची में नहीं हो पाया है, उनके प्रति भी आभार।

| अवलोकन | प्रशिक्षणार्थी | परामर्श | एचआईवी जांच | एसटीडी इलाज |
|---|---|---|---|---|
| 11608 | 618 | 597 | 165 | 70 |

# शिवपुरी

शिवपुरी में रेड रिबन एक्सप्रेस 18 अगस्त को पहुंची जहां इसका भरपूर स्वागत किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्री माखनलाल राठौर तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र जैन और कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष ऋषिका अस्थाना थी। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में एचआईवी/एड्स संक्रमण के बारे में जागरुकता लाने के लिए रेड रिबन एक्सप्रेस अभियान को सफल अभियान बताया।

### उल्लेखनीय योगदान के लिए आभार

जिलाधीश – श्री राजकुमार पाठक
मुख्य चि. एवं स्वा. अधिकारी – डॉ. ए.के. दीक्षित
जिला एड्स एवं क्षय अधिकारी – डॉ. आर.के. जैन
नेत्र सहायक – डॉ. आर. के. श्रीवास्तव
जिला एन.सी.सी. संगठक– डॉ. दीपक शर्मा
काउन्सलर आई.सी.टी.सी. – श्री अब्दुल सादिक खांन
लेब टेक्लीशियन आई.सी.टी.सी. – श्री ब्रजेश कुशवाह
काउन्सलर एस.टी.डी. – श्री राजकुमार माफर
लेब टेक्नीशियन ब्लड बैंक – श्री योगेश दुबे।

**नोट :–** उपरोक्त नाम जिलों से प्राप्त सूची के आधार पर दिये जा रहे हैं। जिनका उल्लेख इस सूची में नहीं हो पाया है, उनके प्रति भी आभार।



जादू का एक दृश्य।



कलाकार प्रस्तुति देते हुए।



नाट्य प्रस्तुति की झलक।



प्रशिक्षण लेती महिलाएं।



उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित दर्शक।

| अवलोकन | प्रशिक्षणार्थी | परामर्श | एचआईवी जांच | एसटीडी इलाज |
|---|---|---|---|---|
| 7452 | 514 | 179 | 152 | 45 |

# कटनी

दिनांक 20–21 अगस्त के दौरान रेड रिबन एक्सप्रेस ने कटनी शहरवासियों को एचआईवी/एड्स संक्रमण के बारे में जानकारी दी। उद्घाटन कार्यक्रम में महापौर श्रीमती पाठक, विधायक श्री गिरिराज किशोर पोद्दार, सिविल सर्जन डॉ. के.के. जैन, एसडीएम श्री मंगल सिंह मरावी, सीएसपी श्री राजेश तिवारी, कार्यक्रम प्रभारी डॉ.एन.एल. खंडेलवाल इत्यादि उपस्थित थे। मंचासीन अतिथियों ने एचआईवी/एड्स संक्रमण से बचाव के बारे में जागरूकता लाकर बचाव के तरीके अपनाने पर बल दिया।



फीता काटते हुए विधायक श्री गिरिराज किशोर पोद्दार।



ट्रेन का अवलोकन करने के लिए उमड़ी भीड़।



सांस्कृतिक नृत्य की एक झलक।



प्रशिक्षण लेते प्रशिक्षणार्थी।

## उल्लेखनीय योगदान के लिए आभार

कलेक्टर – श्री सेल्वेंद्रन नामदेव
जिला पंचायत अध्यक्ष– श्री शशिभूषण सिंह
मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत – श्री एस.वी.सिंह (तत्कालीन कलेक्टर)
क्षेत्रीय प्रबंधक (एन.के.जी.) – श्री राजेश शर्मा
स्टेशन मास्टर – श्री सुनील माथुर
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अति.–श्रीमती रंजना गुप्ता
नोडल अधिकारी एड्स – डॉ. एस.के. शर्मा
पुलिस अधीक्षक – श्री मनोज शर्मा
उप पुलिस अधीक्षक – श्री पुरूषोत्तम शर्मा
नगर निगम कमिश्नर श्री आर.पी. सिंह, महाप्रबंध महाकौशल रिफरेक्टर्रस श्री अरविंद्र गुगालिया, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती शशि बाला झा, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, श्रीमती मंग्लेश सिंह, डिप्टी डायरेक्टर पंचायत, श्री अनंत तिवारी, जन सम्पर्क अधिकारी, श्री पावरजी, जिला एन.सी.सी. अधिकारी श्री सरदार दिवाकर (लेफ्टनेंट), स्काउट–गाइड प्रभारी, श्री जे.पी. हल्दकार, आई.सी.टी.सी. परामर्शदाता श्री सैयद नूर उल हसन, ब्लड बैंक लैब टेक्नीशियन, श्री मनीष कुमार चौरसिया।

**नोट :–** उपरोक्त नाम जिलों से प्राप्त सूची के आधार पर दिये जा रहे हैं। जिनका उल्लेख इस सूची में नहीं हो पाया है, उनके प्रति भी आभार।




प्लेटफार्म पर लगे स्टाल का दृश्य।

| अवलोकन | प्रशिक्षणार्थी | परामर्श | एचआईवी जांच | एसटीडी इलाज |
|---|---|---|---|---|
| 11816 | 365 | 337 | 174 | 74 |

# शहडोल

रेड रिबन एक्सप्रेस का शुभागमन 23 अगस्त को हुआ जहां शहडोल वासियों ने इसका धूमधाम से स्वागत किया। ट्रेन का उद्घाटन वन एवं राजस्व मंत्री श्री जय सिंह मरावी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कमलेश ने की। मंच पर जिले के कलेक्टर श्री नीरज दुबे, पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर लाडजी, सहायक कलेक्टर श्री अजय गुप्ता उपस्थित थे।



मंच पर उपस्थित अतिथि।


सुरीली धुनें बजाता म.प्र. पुलिस बैंड।


झलक जादू के प्रदर्शन की।

### उल्लेखनीय योगदान के लिए आभार

कलेक्टर एवं संरक्षक, आई.ए.एस. – श्री नीरज दुबे
पुलिस अधीक्षक, आई.पी.एस. – श्री सुधीर लाड
सहायक कलेक्टर, आई.ए.एस. – श्री अजय गुप्ता
मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत – श्री पी.के. श्रीवास्तव
नोडल अधिकारी एवं जिला युवा समन्वयक एन.वाई.के. – श्री आर.आर. सिंह
मुख्य चिकित्सा एवं स्वा. अधिकारी – डॉ. उमेश नामदेव
जिला संयोजक, एन.एस.एस.– डॉ. भरत शरण सिंह
एसडीएम सोहागपुर – श्री वी.के. पाण्डे
उप संचालक, जनसंपर्क – श्री जे.पी. धौलपुरिया
सहा. संचालक, जनसंपर्क – श्री गजेन्द्र द्विवेदी

**नोट :–** उपरोक्त नाम जिलों से प्राप्त सूची के आधार पर दिये जा रहे हैं। जिनका उल्लेख इस सूची में नहीं हो पाया है, उनके प्रति भी आभार।


नाट्य प्रस्तुति का एक भावपूर्ण दृश्य।



आदिवासी कलाकार नृत्य प्रस्तुत करते हुए।

| अवलोकन | प्रशिक्षणार्थी | परामर्श | एचआईवी जांच | एसटीडी इलाज |
|---|---|---|---|---|
| 12954 | 581 | 224 | 151 | 70 |



फीता काटते हुए विधानसभा अध्यक्ष ईश्वरदास रोहाणी।

## जबलपुर

मां नर्मदा की पावन नगरी जबलपुर में दिनांक 25–26 अगस्त को रेड रिबन एक्सप्रेस का स्वागत करने के लिए जबलपुरवासी मानो उमड़ पड़े। यहां ट्रेन के स्वागत के लिए उपस्थित थे विधानसभा अध्यक्ष श्री ईश्वरदास रोहाणी। उन्होंने अपने उद्‌बोधन में एचआईवी/एड्स को पाश्चात्य देशों की देन बताते हुए इसके खात्मे के प्रयास किये जाने की आवश्यकता जताई। युवा समूह को इस संक्रमण के बारे में जागरूक कर बचाव उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि महापौर प्रभात साहू, कलेक्टर गुलशन बामरा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. चौहान उपस्थित थे। वक्ताओं ने एड्स की बीमारी को समाप्त करने के लिए रेड रिबन एक्सप्रेस अभियान को महत्वपूर्ण प्रयास बताया।



मंचासीन अतिथि।

### उल्लेखनीय योगदान के लिए आभार

कलेकटर – श्री गुलशन बामरा
पुलिस अधीक्षक – श्री संतोष कुमार सिंह
सी.एम.एच.ओ.– डॉ. बी.एस. चौहान
सिविल सर्जन – डॉ. अजीत दुबे
डी.एच.ओ.– डॉ. विनोद कुमार
नोडल अधिकारी/डी.टी.ओ. – डॉ. सी.पी. तिवारी,
दंत रोग विशेषज्ञ– डॉ. संजय छतवानी
सुपरवाईजर– श्री सीमांत ढिमोले
एन.जी.ओ. – श्री झारिया
एन.जी.ओ.– श्री बैनर्जी

**नोट :–** उपरोक्त नाम जिलों से प्राप्त सूची के आधार पर दिये जा रहे हैं। जिनका उल्लेख इस सूची में नहीं हो पाया है उनके प्रति भी आभार।



दृश्य पुलिस बैंड का।



छात्र/छात्राएं सवाल करती हुईं।



सांस्कृतिक कार्यक्रम की झलक।

| अवलोकन | प्रशिक्षणार्थी | परामर्श | एचआईवी जांच | एसटीडी इलाज |
|---|---|---|---|---|
| 13567 | 681 | 348 | 168 | 104 |



ट्रेन का अवलोकन करते हुए कलेक्टर श्री सुखवीर सिंह।

# सतना

प्रदेश में रेड रिबन एक्सप्रेस का अंतिम पड़ाव सतना स्टेशन में रहा। यहां आयोजित भव्य समारोह का उदघाटन पूर्व मंत्री डॉ. लालता प्रसाद खरे ने लाल फीता काटकर किया। उदघाटन कार्यक्रम में सांसद गणेश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष गगनेन्द्र प्रताप सिंह, मंचासीन थे। वक्ताओं ने एक स्वर में जन–जागरूकता के जरिए एड्स संक्रमण का खात्मा करने पर जोर दिया। ट्रेन में ऑडियो और विजुअल संदेशों के माध्यम से एड्स के कारकों, बचाव के तरीकों को बताए जाने को सराहा गया।



उपस्थित महिलाएं।

## उल्लेखनीय योगदान के लिए आभार

संसद सदस्य – श्री गणेश सिंह
जिला पंचायत अध्यक्ष – श्री गगनेन्द्र प्रताप सिंह
महापौर – श्री पुष्कर सिंह तोमर
कलेक्टर – श्री सुखवीर सिंह
मुख्य कार्यपालन अधिकारी– श्री आशीष कुमार गुप्ता
पुलिस अधीक्षक – श्री हरि सिंह गौर
नगर पुलिस अधीक्षक – श्रीमती शालिनी दीक्षित
मुख्य चि. एवं स्वा. अधिकारी–श्री डॉ. आर.एस. दण्डोतिया
सिविल सर्जन सह मु. अ. अधीक्षक – श्री डॉ. पी.के. पाठक
नोडल अधिकारी एड्स – श्री डॉ. एम.एस. तोमर
ब्लड बैंक अधिकारी – श्री डॉ. सी.एम. तिवारी
प्रभारी एन.एस.एस.– श्री ओ.पी.राय,
ए.एस.ओ. – श्री शरण गोपाल मिश्रा

श्री रामभाई त्रिपाठी – ब्लड बैंक प्रभारी टेक्निशियन, श्री अजय कुमार भटेले लेखापाल एड्स सेल, श्री पी.के. अवस्थी स्टेशन प्रबंधक, श्री एस.के. श्रीवास्तव एरिया प्रबंधक रेलवे, श्री हरिशंकर द्विवेदी निरीक्षक आर.पी.एफ., श्री सुरेश बड़ेरिया अध्यक्ष सेवा संकल्प, श्री प्रकाश द्विवेदी जिला कार्यक्रम प्रबंधक एन.आर.एच.एम., श्री अभय पाण्डेय जिला लेखा प्रबंधक एचआरएचएम, श्री एल.एल. सिंह, मीडिया अधिकारी, श्री आलोश त्रिपाठी, समाजसेवी, श्री नृशेष सिंह जिला डाटा सहायक एचआरएचएम, श्री बालमुकुन्द सेन, सहायक ग्रेड–3, श्री संजीव सरोज मिश्रा, अनुपमा एजुकेशन सोसायटी, श्रीमती डॉ. रजनी प्रजापति चिकित्सक, श्री दीपक शर्मा, समाजसेवी।

**नोट :–** उपरोक्त नाम जिलों से प्राप्त सूची के आधार पर दिये जा रहे हैं। जिनका उल्लेख इस सूची में नहीं हो पाया है उनके प्रति भी आभार।






सांस्कृतिक कार्यक्रम की झलक।

| अवलोकन | प्रशिक्षणार्थी | परामर्श | एचआईवी जांच | एसटीडी इलाज |
|---|---|---|---|---|
| 11442 | 403 | 268 | 110 | 114 |

प्रदेश में एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम का प्रारंभ हरदा जिले से हुआ तथा समाप्ति सतना में हुई। एचआईवी/एड्स के खतरे से आगाह करने एवं समय रहते सचेत होकर संयमित जीवन जीने की प्रेरणा देने का कार्य रेड रिबन एक्सप्रेस ने बखूबी किया। प्रदेश के सभी 11 जिलों में अवलोकन करने पहुंची आम जनता, अनपढ़ व पढ़े–लिखे समूह इत्यादि सभी वर्गों ने खुलकर स्वीकारा कि आज की बदलती जीवन शैली में एचआईवी/एड्स संक्रमण की सच्चाई को स्वीकार कर इससे बचाव के तरीके अपनाना आज की आवश्यकता है।

बहरहाल 80,551 पुरुषों तथा 29,791 महिलाओं ने यानी कुल 1,10,342 लोगों ने 11 दिनों में ट्रेन का अवलोकन कर जानकारियाँ प्राप्त की। यह एक उपलब्धि है, इस महत्वपूर्ण अभियान की। जानकारी देने का सिलसिला बिना थमे आगे चलते ही रहना चाहिए। यही है एकमात्र हथियार अपने देश और समाज से संक्रमण के वायरस को उखाड़ फेंकने का।

**सलाम रेड रिबन एक्सप्रेस।**

**एड्स टाईम्स डेस्क**

### रेड रिबन एक्सप्रेस

# आगमन की तैयारियां

अगस्त माह में मध्यप्रदेश में आ रही रेड रिबन एक्सप्रेस के स्वागत तथा व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने और अभियान को उसके लक्ष्य तक पहुंचाने के उददेश्यों से मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति ने सभी संबंधित शासकीय विभागों तथा अन्य संगठनों एव एजेंसियों के सहयोग से व्यापक कार्ययोजना तैयार की। इस तारतम्य में शामिल रही योजना बैठक, राज्य स्तरीय समन्वय बैठक, राज्य स्तरीय जिलों के अधिकारियों की उन्मुखीकरण बैठक तथा रेड रिबन एक्सप्रेस के प्रशिक्षण कोच में दिये जाने वाले प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षकों की बैठक। यहां प्रस्तुत है एक बानगी रेड रिबन एक्सप्रेस की तैयारियों की।

## योजना बैठक में आए उपयोगी सुझाव

मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में रेड रिबन एक्सप्रेस गतिविधि के लिए कार्ययोजना तैयार करने हेतु दिनांक 10 मई 2010 को बैठक आयोजित की गई। एचआईवी/एड्स संक्रमण की जागरुकता के लिए चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान के बारे में जानकारी दी गई। रेड रिबन एक्सप्रेस गतिविधि को एक आंदोलन की तरह लिये जाने और इसकी सफलता के लिए एकजुट प्रयास किये जाने के उददेश्य से सभी सहयोगी संस्थानों जैसे राष्ट्रीय ग्रामीण एवं स्वास्थ्य मिशन, पुलिस विभाग, भारत स्काउट एंड गाइड, राष्ट्रीय सेवा योजना, नेहरु युवा केंद्र ने इस बैठक में भाग लेकर अपने स्तर पर कार्ययोजना तैयार की।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति में परियोजना संचालक श्री अरुण तिवारी, यूनिसेफ में संचार अधिकारी श्री भाई शैली, राष्ट्रीय ग्रामीण एवं स्वास्थ्य मिशन की डॉ.धनीला नारायण तथा आईईसी सलाहकार आशीष चौबे, नेहरु युवा केंद्र के जोनल डायरेक्टर अरुण सरावगी, मध्यप्रदेश पुलिस विभाग, भारत स्काउट एवं गाइड, राष्ट्रीय सेवा योजना, फाउंडेशन पापुलेशन ऑफ इंडिया, एमपीएनपी प्लस, पीएसआई एमपीटास्क,लेप्रा के प्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर अभियान को सफल बनाने के लिए बहुमूल्य सुझाव दिये। बैठक का संचालन एवं तकनीकी सहयोग उपसंचालक सविता ठाकुर ने दिया तथा समन्वय डॉ.संजय श्रीवास्तव ने किया।

# राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक

मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा प्रदेश में रेड रिबन एक्सप्रेस कार्यक्रम के कियान्वयन हेतु दिनांक 05 जुलाई 2010 को राज्य स्तरीय समन्चय समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री एम.के. राय ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि एचआईवी /एड्स की जागरुकता लाने के उद्देश्य से चलाई जा रही रेड रिबन एक्सप्रेस एक देशव्यापी अभियान है और इसे प्रशासन तंत्र को मिलजुलकर सफल बनाना है। श्री राय ने प्रशासन के प्रचार–प्रसार तंत्र के जरिये जनसाधारण को इस गतिविधि से जोड़ने की अपील की ताकि एचआईवी/एड्स संक्रमण के नियंत्रण एवं बचाव की जानकारी उन तक सीधे पहुंच सके।



अपर मुख्य सचिव श्री एम.के. राय उद्बोधन देते हुए

ग्रामीण एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में आउटरीच गतिविधियों की महत्ता को भी रेखांकित किया गया। श्री राय ने रेड रिबन एक्सप्रेस को आधार बताते हुए प्रचार–प्रसार एवं जागरूकता की एक सतत् प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## बैठक के मुद्दे

- जिलों में रेड रिबन एक्सप्रेस आगमन हेतु पूर्व तैयारियां किये जाने पर जोर।
- जिला प्रशासन को संबंधित विभागों को पूर्व तैयारियां किये जाने हेतु निर्देशित किया जाना।
- जिला शिक्षा विभाग के सहयोग से हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों का अवलोकन हेतु लाना तथा स्कूल, कालेज के प्रिंसीपल, शिक्षकों का ओरियेंटेशन करवाना।
- रेलवे विभाग द्वारा ट्रेन हेतु प्लेटफार्म का चयन करना जहां साफ-सफाई, पानी एवं शौचालय की व्यवस्था हो।
- स्वास्थ्य विभाग अपने मातहत विभागों/ संस्थाओं के जरिये अधिक से अधिक अधिकारियों एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को ट्रेन का अवलोकन तथा ओरियेन्टेशन करवाएं।
- प्रचार-प्रसार की व्यापक रणनीति तैयार कर अधिकाधिक लोगों को अभियान से जोड़ने की पहल करना।

बैठक को समिति के परियोजना संचालक अरूण तिवारी तथा राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के प्रतिनिधि दमन आहूजा, संयुक्त संचालक सविता ठाकुर ने अभियान के बारे में जानकारी दी। बैठक में हरदा, सतना, जबलपुर, शिवपुरी, रतलाम, मंदसौर, शहड़ोल, कटनी जिलों के कलेक्टर, अपर कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आकाशवाणी, दूरदर्शन, रेलवे प्रशासन, महिला बाल विकास, प्रचार–प्रसार निदेशालय, पुलिस मुख्यालय, एन.एस.एस., एन.वाय.के. एवं यूनिसेफ के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# राज्य स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला

मध्यप्रदेश में अगस्त माह में पहुचने वाली रेड रिबन एक्सप्रेस प्रदेश में कहां–कहां रुकेगी और इसके लिए इंतजामों की जानकारी के लिए जिलों के कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, मेडिकल अधिकारियों की कार्यशाला का आयोजन दिनांक 09 जुलाई 2010 को समिति की ओर से किया गया। इस बैठक में रेड रिबन एक्सप्रेस अभियान के सफल संचालन हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों के लिए उन्मुखीकरण बैठक का आयोजन कर कार्ययोजना तैयार की गई। एचआईवी/एड्स की जागरुकता लाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे देशव्यापी अभियान ''रेड रिबन एक्सप्रेस'' के जनसंचार की महत्वाकांक्षीय योजना है। इस बैठक में सभी विभागों से मिलजुलकर प्रशासन के प्रचार–प्रसार तंत्र के जरिये अधिक से अधिक जनसाधारण को इस गतिविधि से जोड़े जाने की अपील की ताकि एचआईवी/एड्स संक्रमण के



परियोजना संचालक श्री अरुण तिवारी उद्बोधन देते हुए।

## मुख्य मुद्दे

- ट्रेन के आगमन पर भव्य स्वागत समारोह
- जनप्रतिनिधियों/विशिष्ट अतिथियों की सहभागिता
- अधिक से अधिक जन-समुदाय विशेष कर युवा, महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना
- प्रशिक्षण में समूहों के चयन में मुख्यधारा के सहयोगियों को अधिक से अधिक सम्मिलित करना
- आउटरीच गतिविधियों का आयोजन

नियंत्रण एवं बचाव की जानकारी सामान्य जन तक सीधे पहुंच सके। रेड रिबन एक्सप्रेस को आधार मानते हुए प्रचार–प्रसार एवं जागरूकता की एक सतत प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। रेड रिबन एक्सप्रेस कार्यक्रम में सभी विभागों के सक्रिय सहयोग का आव्हान किया गया। बैठक में हरदा, सतना, जबलपुर, शिवपुरी, रतलाम, मंदसौर, शहड़ोल, कटनी जिलों से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतिनिधि, जिलों में संचालित लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजनाओं के परियोजना संचालक उपस्थित थे।




जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा अन्य अधिकारियों ने भागीदारी की।

## प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण

मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा प्रदेश में रेड रिबन एक्सप्रेस अभियान के तहत प्रदेश के 11 स्टेशनों पर प्रत्येक दिन प्रशिक्षण कोच में एक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जायेगा। रेड रिबन एक्सप्रेस के प्रशिक्षण कोच में प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षकों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 28 जुलाई 2010 को किया गया। प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में समिति के परियोजना संचालक श्री अरुण तिवारी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि रेड रिबन एक्सप्रेस के प्रशिक्षण कोच में विभिन्न सहयोगी विभागों का प्रशिक्षण भी कराया जाये।



नाको के अधिकारी श्री दमन आहूजा जानकारी देते हुए।

रेड रिबन एक्सप्रेस अभियान की मॉनीटरिंग राष्ट्रीय स्तर पर कर रहे नाको के अधिकारी श्री दमन आहूजा ने प्रशिक्षण में बताए जाने वाले मुख्य बिन्दुओं के बारे में बताया। रेड रिबन एक्सप्रेस के प्रशिक्षण कोच एवं अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तार से संयुक्त संचालक(आईईसी) सविता ठाकुर ने जानकारी दी। सलाहकार सुनीला शर्मा राजा द्वारा विभिन्न विभागों के साथ मुख्यधारा गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया। संयुक्त संचालक डॉ. यू.सी.यादव, उप संचालक श्री प्रशांत मलैया एवं अन्य अधिकारियों ने

### प्रशिक्षण के मुद्दे

- प्रशिक्षण की रणनीति उपस्थित समूह के अनुसार तय की जाए।
- प्रशिक्षण के दौरान भाषा सरल व सहज हो। क्लिष्ट वाक्यों के चयन व भाषा शैली से बचें।
- प्रशिक्षणार्थियों को जोड़ने के लिए उनके विचार भी सुनें।
- प्रशिक्षण देते समय आवश्यकता से अधिक बोलने से बचें।
- विजुअल आईईसी मटेरियल अधिक से अधिक उपयोग करें।



संयुक्त संचालक सविता ठाकुर प्रशिक्षण के गुर सिखाती हुईं।


विभिन्न सेवाओं एवं एचआईवी/एड्स की तकनीकी जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण का समन्वय टीएसयू में टीम लीडर स्मिता शेण्डे एवं सलाहकार (युवा मामले) दीपक सरकार ने किया। विभिन्न टीआई परियोजना एवं लिंक वर्कर स्कीम तथा लेप्रा सोसाइटी के प्रतिभागियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर संयुक्त संचालक श्री एस.सी. तिवारी, टीएसयू में एडवोकेसी अधिकारी शिल्पी अगनानी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## प्लेटफार्म पर भी लगी आकर्षक प्रदर्शनी

रेड रिबन एक्सप्रेस अभियान के दौरान प्रदेश के 11 जिलों के हाल्ट स्टेशनों में ट्रेन के पहुंचने पर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के दौरान आने वाले लोगों को एचआईवी/एड्स संक्रमण के बारे में जागरुकता लाने के लिए आकर्षक एवं संदेश परक सामग्री तैयार कर उसका प्रदर्शन करवाने की तैयारी की गई है। आकर्षक स्टेंडीज, सनबोर्ड तथा डेंगलर्स में प्रदर्शित किए गए संदेश अवश्य ही जागरुकता लाने के भगीरथी प्रयास में मील का पत्थर साबित होंगे। इस सामग्री का प्रदर्शन प्रत्येक स्टेशन में आयोजित किये जाने वाले आयोजनों में किया गया।




स्टैंडीज, सनबोर्ड और डेंगलर के डिजाईन।



## प्रचार-प्रसार की तैयारियाँ

❖ **अखबारों में विज्ञापन**

समिति द्वारा प्रदेश की राजधानी के प्रमुख समाचार पत्रों तथा प्रदेश के सभी हाल्ट स्टेशनों में विज्ञापन का प्रकाशन कर सामान्यजन को रेड रिबन एक्सप्रेस आगमन के बारे में प्रचार–प्रसार किया गया।

❖ **होर्डिंग्स**

समिति द्वारा रेड रिबन एक्सप्रेस के सभी हॉल्ट स्टेशनों में होर्डिंग्स के जरिये प्रचार–प्रसार किया गया।

❖ **आकाशवाणी**

आकाशवाणी, भोपाल के माध्यम से रेड रिबन एक्सप्रेस के आगमन के बारे में प्रचार–प्रसार किया गया।

❖ **दूरदर्शन**

दूरदर्शन केन्द्र भोपाल के माध्मय से प्रसारित प्रायोजित कार्यक्रम तथा अन्य मशहूर कार्यक्रमों के साथ रेड रिबन एक्सप्रेस के आगमन तथा उसमें उपलब्ध सेवाओं के बारे में जानकारी का प्रसारण किया गया।

❖ **प्राइवेट एफ.एम. चैनल**

प्राइवेट एफ.एम. चैनल, माय एफ.एम., बिग एफ.एम., रेडियो मिर्ची, रेड एफ.एम., के जरिये रेड रिबन एक्सप्रेस के आगमन की सूचना का प्रचार कर आम जन को ट्रेन के अवलोकन हेतु प्रेरित किया गया।



## रेड रिबन क्लब

# राज्य स्तरीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण

राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन में आईईसी अधिकारी श्री राजेश राणा ने 26 मई को आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया कि युवाओं के लिए राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन द्वारा मुख्य रूप से तीन तरह से जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। किशोर बच्चों हेतु किशोरावस्था शिक्षा कार्यक्रम देश के विभिन्न प्रदेशों में संचालित किए जा रहे हैं। महाविद्यालयीन छात्र–छात्राओं हेतु रेड रिबन क्लब के माध्यम से विविध गतिविधियाँ संचालित है। इसके साथ ही शिक्षण संस्थाओं से बाहर जो युवा है उनके लिए भी सहयोगी संस्थाओं के माध्यम से गतिविधियाँ संचालित की जाती है।



नाको के कार्यक्रम अधिकारी श्री राजेश राणा कार्यक्रम के उद्देश्य व लक्ष्य बताते हुए।

आईईसी गतिविधियों की मानीटरिंग के लिए प्रदेश दौरे पर आए हुए श्री राणा ने कहा कि युवा यदि इस विषय के बारे में बात नहीं करेंगे एवं अपनी जिज्ञासा शांत नहीं करेंगे तो संक्रमण फैलता ही जाएगा। यदि प्रोफेसर इस विषय को युवा वर्ग तक पहुंचाने की जिम्मेदारी उठा लेते हैं तो निश्चित रुप से एड्स नियंत्रण कार्यक्रम जमीनी स्तर तक पहुंच सकेगा। इस कार्यक्रम में 45 जिलों से युवाओ के बीच कार्य कर रहे एन.एस.एस. को–आर्डिनेटर्स ने भाग लिया। तीन दिवसीय इस कार्यशाला में प्रतिभागियों ने एच.आई.वी. से जुड़े युवाओं के मुद्दों को विस्तार से जाना।

सबसे पहले सत्र में एच.आई.वी. / एड्स की मूल जानकारी से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। इसके साथ ही युवाओं के लिये जीवन कौशल से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गयी। आज के तेजी से बदलते सामाजिक परिवेश में युवाओं को सही मार्गदर्शन, बेहतर संवाद, स्वास्थ्य के खतरों के प्रति ज्ञान, सकारात्मक सोच के साथ–साथ उनके असुरक्षित व्यवहारों के प्रति सचेत करने की कहीं अधिक आवश्यकता है। इस कार्य में विभिन्न सत्रों में युवाओं की जीवन शैली से जुड़े आयामों को रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया।

स्कूल–कालेजों के किताबी ज्ञान के अतिरिक्त जीवन कौशल से जुड़े मुद्दे युवाओं को अपने लक्ष्य तक पहुंचाने में ज्यादा कारगर भूमिका अदा करते है अतः इस कार्यशाला में पीयर प्रेशर को समझने तथा नकारात्मक प्रेशर से बचने के तरीके पर प्रकाश डाला गया। साथ ही युवाओं में सही निर्णय लेने की समझ को विकसित करने के गुर सिखाये गये। 'न' कहने की कला तथा जिम्मेदार व्यवहार अपनाने पर जोर दिया गया। रोल प्ले के माध्यम से प्रतिभागियों ने जाना कि किस प्रकार आज युवा पीयर प्रेशर के चलते कई अन्य गैर जिम्मेदाराना व्यवहार का साधन बनता है। इसमें असुरक्षित यौन संबंध तथा यौन संबंधो के बारे में विकृत सोच उत्पन्न होना भी शामिल है।

आज के भागदौड़ वाली शैली, बढ़ती आकांक्षाएं, गलाकाट प्रतियोगिता एवं माता–पिता की अत्यधिक अपेक्षाओं के चलते युवाओं में तनाव के साथ क्रोध, सही निर्णय लेने की अक्षमता तथा उदासीनता भी बढ़ी है।

इस कार्यशाला के एक अन्य सत्र में युवाओं के बीच तनाव प्रबंधन के गुरो पर चर्चा की गयी। युवा मन की थाह







गतिविधियों से सिखाए गए विभिन्न जीवन कौशल।



सत्र संचालन करते हुए ।

पाकर उन्हें उचित सलाह देकर भटकने से बचाया जा सकता है। प्रतिभागियों को अच्छा सलाहकार बनने के गुण भी इस कार्यशाला में सिखाये गये। तीसरे और अंतिम दिन श्रीमती सविता ठाकुर ने रोचक प्रेजेंटेशन के द्वारा सेक्स, सेक्चुएलिटी एवं जेंडर के मध्य भेद को विस्तार से बताते हुये यौन व्यवहार के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने एच.आई.वी. की रोकथाम से संबंधित ए.बी.सी. थ्योरी को प्रतिभागियों के समक्ष रखा ताकि वे अपने क्षेत्रों में युवा साथियों को सुरक्षित यौन व्यवहार अपनाने की दिशा में प्रेरित कर सकें।

प्रशिक्षण कार्यकम में गॉधी मेडिकल कालेज के आई.सी.टी.सी. प्रभारी डॉ0 शौकत आलम ने एचआईवी संक्रमण से जुड़ी जानकारी देते हुए कहा कि सुरक्षित यौन व्यवहार अपनाकर इस संक्मण से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह ऐसा संक्रमण है जो लोग आमंत्रित करते हैं और इसका कोई टीका भी नही है। इस लिहाज से बेहद जरूरी है कि संक्रमण के बारे में सही जानकारी प्राप्त कर दूसरों को भी दें। रेड रिबन क्लब के सदस्यों के जरिये संक्मण की जानकारी युवाओं तक पहुंचाना बेहद जरुरी है।

डॉ. यू.सी. यादव, संयुक्त संचालक (रक्त सुरक्षा) ने मध्यप्रदेश में स्वैच्छिक रक्तदान एवं रक्त सुरक्षा कार्यक्म की विस्तृत जानकारी देते हुए एन.एस.एस. के माध्यम से स्वैच्छिक रक्तदान की उपलब्धियों को भी सराहा। उपसंचालक श्रीमती सविता ठाकुर ने अपने वक्तव्य में युवाओं के बीच जागरूता लाने हेतु अधिक से अधिक प्रयास किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रशिक्षण कार्यक्म की शुरूआत में युवा मामले के सलाहकार दीपक सरकार ने रेड रिबन क्लब की अवधारणा,उसकी महत्ता व उसके संचालन से जुड़े तथ्यों के बारे में बताया। प्रशिक्षण कौशल की महत्ता व उपयोगिता के बारे में डॉ. ए.के. सिंह ने बताया। प्रशिक्षण कार्यक्म के दूसरे एवं तीसरे दिन जेण्डर, सेक्स, उससे जुड़े जोखिम, सुरक्षित यौन संबंध, युवाओं के व्यवहारगत मुद्दों,पीयर एजुकेशन तकनीक तथा रेड रिबन क्लब में की जाने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्म में इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, रीवा तथा भोपाल विश्वविद्यालय के अंतर्गत सभी जिलों के प्रतिनिधियों ने भागीदारी की। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के पश्चात् सभी मास्टर ट्रेनर जिला स्तर पर प्रशिक्षण देंगे।

# रेड रिबन क्लब कार्यक्रम की समीक्षा एवं कार्ययोजना बैठक




संयुक्त संचालक डॉ. यू.सी. यादव वक्तव्य देते हुए।

रेड रिबन क्लब के अंतर्गत समीक्षा एवं कार्ययोजना बैठक का आयोजन 26 एवं 27 अप्रैल 2010 को किया गया। बैठक परियोजना संचालक महोदय की अध्यक्षता में वर्ष 2009–10 में की गई गतिविधियों की समीक्षा कर सुझाव दिये गये एवं वर्ष 2010–11 हेतु वार्षिक कैलेंडर भी तैयार किया गया। समीक्षा बैठक राज्य संपर्क अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग, युवा अधिकारी भारत सरकार, विश्वविद्यालयों के कार्यकम समन्वयक एवं सभी जिलों के जिला संगठक (राष्ट्रीय सेवा योजना), यूनिसेफ के संचार अधिकारी एवं एचआईवी सलाहकार तथा समिति कार्यालय से संयुक्त संचालक वित्त एवं प्रशासन श्री एस.सी. तिवारी, संयुक्त संचालक (रक्त सुरक्षा) डॉ. यू.सी.यादव, उप–संचालक (आई.ई.सी.) श्रीमती सविता ठाकुर एवं सलाहकार (युवा मामले) श्री दीपक सरकार की उपस्थिती में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रुप से निम्न बिंदुओं पर चर्चा कर निर्णय लिये गये।

तय किया गया कि प्रशिक्षण – कैलेंडर के अनुसार ही आरआरसी का प्रशिक्षण सम्पन्न होगा। प्रत्येक जिलों में स्टेक होल्डर्स बैठक,पीयर एजुकेटरों हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण, विश्वविद्यालय स्तर पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण, राज्य स्तर पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण, राज्य स्तर पर आरआरसी सेल का गठन, आरआरसी के कार्यकमों की सतत मानीटरिंग एवं आरआरसी/एचआईवी से संबंधित सभी गतिविधियां एनएसएस के साथ सम्मिलित कर कार्यकमों का आयोजन करने हेतु निर्णय लिया गया।

# रेडियो एफ.एम. बने युवाओं का साथी



उप संचालक डॉ. रचना दुबे तकनीकी जानकारी देती हुईं।

मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के परियोजना संचालक श्री अरूण तिवारी की प्रेरणा से एवं अध्यक्षता में आई.ई.सी. विभाग ने प्रदेश के प्रमुख एफ.एम. स्टेशन के रेडियो जॉकी, रेडियो कार्यकम प्रमुखों एवं मार्केटिंग मैनेजरों के लिये उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया। दिनांक 2 जुलाई 2010 को आयोजित इस एक दिवसीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एफ.एम. रेडियो के कार्यक्रम प्रस्तुतकर्त्ताओं को तथा कार्यक्रम निर्माण विभाग से जुड़े लोगों को एच.आई.वी. के विभिन्न पहलुओं पर जागरूक करना तथा एच.आई.वी. से संक्रमित व्यक्ति तथा एच.आई.वी. से प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदनशील बनाना था। जिससे वह अपने कार्यक्रमों के दौरान न केवल एच.आई.वी. के संदेशों को रोचकता के साथ प्रस्तुत कर सके अपितु एच.आई.वी. से संक्रमित व प्रभावित व्यक्तियों के प्रति समाज में व्याप्त लांछन व भेदभाव को दूर करने हेतु संवेदनशील मानस तैयार करने में मदद भी कर सके।

इस कार्यक्रम में अधिकांश युवा उद्घोषक व कार्यक्रम निर्माता थे। सभी ने इसमें बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें उन्होंने न सिर्फ एच.आई.वी. की बेसिक जानकारियॉं ही हासिल की बल्कि एड्स एवं युवाओं, नशीले पदार्थ लेने वाले वर्ग तथा कंडोम प्रयोग आदि मुद्दों पर भी जानकारी प्राप्त की। प्रारंभ में कई प्रतिभागियों के मन में एच.आई.वी. संक्रमित व्यक्तियों के प्रति डर आशंका व अनिश्चितता का भाव देखा गया। परंतु पॉजिटिव पीपुल्स नेटवर्क के प्रमुख श्री मनोज वर्मा के अनुभवों को सुनकर तथा उनसे मिलकर प्रतिभागियों को अपनी कई भ्रांतियों व धारणाओं का समाधान मिल गया।



आर.जे. अपने विचार साझा करते हुए।

परियोजना संचालक श्री तिवारी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुये कहा कि एच.आई.वी. / एड्स से लड़ने का एकमात्र औजार जागरूकता लाना है और हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम इस संक्रमण की रोकथाम के लिए मिलजुल कर प्रयास करें। श्री तिवारी ने विशेष रूप से युवाओं के बीच रेडियो के लोकप्रिय कार्यक्रमों के माध्यम से एच.आई.वी / एड्स से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों को लेकर चर्चा करने, प्रतियोगिता आयोजित करने तथा एस.एम.एस. संदेशों के माध्यम से जागरूकता लाए जाने के प्रयासों के लिए बल दिया। एच.आई.वी संक्रमण के बारे में आधारभूत जानकारी जैसे एच.आई.वी. संक्रमण फैलने के कारण, उसके लक्षण तथा बचाव के तरीके के बारे में समिति में उपसंचालक डॉ. रचना दुबे ने बताया।

एच.आई.वी संक्रमण और महिलाओं की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए संयुक्त संचालक श्रीमती सविता ठाकुर ने कहा कि महिलाएं अपनी सामाजिक स्थिति के कारण तथा लिंग आधारित भेदभाव के चलते दोहरी मार झेलती है। उन्हें पुरूषों की अपेक्षा कहीं अधिक प्रताड़ना, भेदभाव व लांछन झेलना पड़ता है। यही नहीं आर्थिक विषमताओं तथा पारिवारिक संसाधनों पर उनकी पकड़ न होने से स्वास्थ्य सेवाओं से भी वंचित रहना पड़ता है। उन्होंने पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए मीडिया प्रतिनिधियों से अपील की कि वह एच.आई.वी. विषय को अपने कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों में शामिल करें जिससे लोगों में जागरूकता आए। एच.आई.वी. के साथ जी रहे लोगों के पक्ष में भी संदेश प्रसारित किये जायें ताकि समाज में उनके साथ होने वाला भेदभाव न हो और वह सम्मान के साथ जीवन–यापन कर सकें। मशहूर मनोविज्ञानी तथा बी.एस.एस. कालेज के विभागाध्यक्ष डॉ. विनय मिश्रा ने युवाओं की जीवन शैली उनके मनोविज्ञान तथा यौन व्यवहार से जुड़े मुद्दों पर प्रकाश डाला। एच.आई.वी पॉजिटिव नेटवर्क के अध्यक्ष श्री मनोज वर्मा ने एच.आई.वी. के साथ जी रहे लोगों का सामाजिक परिदृश्य प्रतिभागियों के समक्ष रखा। प्रतिभागियों ने श्री मनोज वर्मा व अन्य विशेषज्ञों से एच.आई.वी., रक्तदान व युवाओं की जीवन शैली से संबंधित कई सवाल किये। विशेषज्ञों ने सभी विषयों पर पूछे गये सवालों तथा विशेषकर युवाओं के संयमित, सुरक्षित व्यवहार पर प्रतिभागियों की जिज्ञासाओ को शांत किया। कार्यक्रम में रेडियो मिर्ची, मॉय एफ.एम., बिग एफ.एम., रेड एफ.एम. के रेडियो जॉकिज ने भाग लिया।

**जरुर सुनें**

**मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा प्रायोजित कार्यकम**

**कैम्पस**

**प्रत्येक सोमवार शाम 6.00 से 6.30 बजे तक आकाशवाणी के प्राइमरी चैनल में एवं विविध भारती से 6.30 से 7.00 बजे।**

# आकाशवाणी के माध्यम से एच.आई.वी. संचार जन-जन तक पहुंचे




संयुक्त संचालक सविता ठाकुर वक्तव्य देती हुई।

मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति ने इस वर्ष प्रायोजित कार्यक्रमों में दी जाने वाली जानकारी को अधिक सटीक, विस्तृत एवं उपयोगी बनाने की कवायद शुरू की है। इस सिलसिले में अप्रैल की 30 तारीख को समिति एवं आकाशवाणी के सभी कार्यक्रम अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समिति के परियोजना संचालक श्री अरूण तिवारी, आकाशवाणी के उपमहानिदेशक श्री विमलकांत येण्डे, उप संचालक (IEC) श्रीमती सविता ठाकुर, संयुक्त संचालक डॉ. यू. सी. यादव तथा आकाशवाणी के 14 केन्द्रों से आये हुये कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित हुए। इस बैठक में कार्यक्रम अधिकारियों के समक्ष बैठक आयोजन के बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए युवाओं और महिलाओं के जीवन शैली से जुड़े मुद्दों पर आधारित कार्यक्रमों का प्रसारण किये जाने पर जोर दिया। परियोजना संचालक श्री अरूण तिवारी ने कहा कि आकाशवाणी के अन्य मशहूर कार्यक्रमों के साथ एच.आई.वी. / एड्स संक्रमण की जानकारी देने वाले संदेशों के प्रसारण किये जाने चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में रेडियो का महत्व आज के तकनीकी दौर में कम नहीं हुआ है। इस सच्चाई का लाभ उठाते हुए आकाशवाणी के प्रायोजित कार्यक्रमों में युवाओं और महिलाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता के साथ लिया जाना चाहिए तथा अनुसूचित जाति के लिए कार्यक्रम तैयार किये जाने चाहिए। कार्यक्रम की कसावट कुछ ऐसी हो कि श्रोता हर कार्यक्रम में नवीन जानकारी पाए। कार्यशाला में उपमहानिदेशक श्री विमल कांत येण्डे ने अपने उद्बोधन में सामाजिक कार्यक्रमों में रूचिकर तरीके से नवीनतम व सटीक जानकारी देने पर जोर दिया।




आकाशवाणी के 14 केन्द्रों से आए कार्यक्रम अधिकारियों ने भागीदारी की।

## आईसीटीसी

- एड्स नियंत्रण संगठन के राष्ट्रीय कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेश मोहम्मद एवं म.प्र. राज्य एड्स नियंत्रण समिति से उपसंचालक एवं सहायक संचालक आई.सी.टी.सी. द्वारा दिनांक 22 से 25 के मध्य रीवा, सतना, पन्ना, भोपाल एवं विदिशा जिले में संचालित आई.सी.टी.सी. का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आई.सी.टी.सी. / पी.पी.टी.सी.टी. केन्द्र द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया गया।
- सीधे लेबर रूम में आने वाली गर्भवती महिलाओं की एच.आई.वी. की जॉच कराना और भी आसान हो गया है। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन द्वारा प्रदेश में HIV Rapid Whole Blood Finger Prick Test उपलब्ध कराई गई है।
- एस.आर.एल. प्रभारी अधिकारियों की समीक्षा बैठक दिनांक 05 मई 2010 को आयोजित की गई जिसमें प्रदेश के चार एस.आर.एल. जो चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल, इंदौर, ग्वालियर एवं आर.एम.आर.सी. जबलपुर के माइक्रोबायलॉजी विभाग में संचालित किये जा रहे है, उसकी उपलब्धियों एवं गुणवत्तापूर्ण सुधार किये जाने पर चर्चा की गई।
- शीघ्र ही 24x7 घंटे संचालित पी.एच.सी. में एच.आई.वी. जॉच सुविधा उपलब्ध कराई जावेगी जिसके लिये द्वितीय तिमाही में इन केन्द्रों पर कार्यरत स्टॉफ नर्सों / ए.एन.एम. एवं लेब टेक्निशियनों को एच.आई.वी. परामर्श एवं जॉच का प्रशिक्षण दिया जावेगा।

# बधाई

राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, नई दिल्ली के 33वें वार्षिक दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह में डॉ. रचना दुबे, उपसंचालक, एस.टी.आई. के द्वारा लिखी गई पुस्तक Complete Contraceptive Technology का विमोचन महानिदेशक, स्वास्थ्य शिक्षा, महानिदेशक, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, महानिदेशक रेल्वे स्वास्थ्य बोर्ड एवं संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, नई दिल्ली द्वारा किया गया। इनके अतिरिक्त इस कार्यक्रम में दिल्ली एवं नागपुर विश्वविद्यालय के कुलपति सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।




उप संचालक डॉ. रचना दुबे पुरस्कार लेती हुईं।

# एस.टी.आई.

एस.टी.डी. केन्द्रों में कार्यरत परामर्शदाताओं की 11 दिवसीय एस.टी.आई / आर.टी.आई. इण्डक्शन ट्रेनिंग "दि भोपाल स्कूल आफ सोशल साइंसेस, भोपाल" में आयोजित की गई। यह प्रशिक्षण दो बैचेस में दिनांक 30 जनवरी से 09 फरवरी 2010 एवं 02 मार्च से 12 मार्च 2010 तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कुल 49 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण नाको द्वारा उपलब्ध कराये गये ट्रेनिंग माड्यूल पर आधारित था।



उप संचालक डॉ. रचना दुबे प्रशिक्षण देती हुईं।

दिनांक 4 से 8 जनवरी 2010 तक पाँच अलग–अलग बैच में म.प्र. राज्य एड्स नियंत्रण समिति के अंतर्गत कार्यरत परामर्शदाताओं की संयुक्त समीक्षा बैठक रखी गई। जिसमें एस.टी.आई. के साथ–साथ आई.सी.टी.सी. एवं टी.आई. में कार्यरत परामर्शदाता भी सम्मिलित हुए। समीक्षा बैठक का उद्देश्य परामर्शदाताओं द्वारा किये गये कार्य का आंकलन करना एवं आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के लिये प्रेरित करना था। परामर्शदाताओं के लिये निर्धारित किये गये लक्ष्य के परिप्रेक्ष्य में उनके कार्य की प्रगति का मूल्यांकन किया गया। बेहतर सेवायें प्रदान किये जाने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किये गये।

एस.टी.आई. केन्द्रों में किये जा रहे कार्य का निरीक्षण करने के लिये प्रदेश के पाँच प्रमुख चिकित्सा महाविद्यालयों में विशेषज्ञों की सुपरवाइजरी टीम गठित की गई है। माह अप्रेल एवं मई 2010 में एम.जी.एम. चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर एवं श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा द्वारा प्रथम तिमाही का सुपरवाइजरी विजिट का कार्य पूर्ण किया गया। चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर द्वारा 16 एस.टी.डी. केन्द्रों तथा रीवा चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा 08 एस.टी.डी. केन्द्रों का निरीक्षण कर सुपरवाइजरी रिपोर्ट प्रेषित की जा चुकी है।

**सुनना न भूले**

मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम

**संगिनी घर घर की**

प्रत्येक मंगलवार शाम 6.50 से 7.05 बजे आकाशवाणी प्राइमरी चैनल पर।

**सुनना न भूले**

मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम

**बात पते की**

प्रत्येक गुरुवार शाम 8.00 से 8.30 बजे आकाशवाणी के प्राइमरी चैनल पर

# रक्त सुरक्षा



ब्लड ट्रांसपोर्ट वेन।

## ब्लड ट्रान्सपोर्ट वेन

राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन नई दिल्ली के रक्त सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश को 16 ब्लड ट्रान्सपोर्ट वेन्स (रक्त परिवहन वाहन) प्रदान की गई हैं। ये वेन्स प्रदेश के विभिन्न जिलों में रक्त के परिवहन हेतु उपयोग में लाई जायेगी। प्रत्येक वेन में तापमान के नियंत्रण हेतु ए.सी. एवं चार कोल्ड बॉक्सेस स्थापित हैं। ये वेन्स प्रदेश के सभी मेडीकल कॉलेजों (भोपाल, इन्दौर, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा) एवं जिला चिकित्सालयों (उज्जैन, सागर, छिन्दवाड़ा, मन्दसौर, बड़वानी, सतना, शहडोल, बालाघाट, गुना, शिवपुरी, बैतूल) के रक्तकोषों को प्रदान की गई हैं।


ब्लड ट्रांसपोर्ट वेन।

मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा मेडीकल कॉलेजों में अधीक्षक एवं जिला चिकित्सालयों में सिविल सर्जन के माध्यम से रक्तकोष अधिकारियों को इन वाहन के सुचारू संचालन के लिए अधिकृत किया गया है। साथ ही उन्हें एक मासिक केलेण्डर के अनुसार कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है। प्रत्येक वेन अपने निकटस्थ 2 से 3 जिलों के रक्तकोषों एवं ब्लड स्टोरेज सेन्टरों को रक्त परिवहन की सुविधा के साथ स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## ब्लड बैंक इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी, डबरा (ग्वालियर)

विश्व रेडक्रॉस दिवस 8 मई 2010 के अवसर पर ब्लड बैंक इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी, डबरा द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 5 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। साथ ही 25 व्यक्तियों का निःशुल्क रक्त परीक्षण भी किया गया। शिविर के दौरान रेडक्रॉस सोसायटी की वाईस चेयरमेन सुश्री स्वाति मीणा, सचिव डॉ हेमन्त मोदी एवं रक्तकोष प्रभारी ने इस रक्तदान शिविर में उपस्थित रहकर सभी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

इस कार्यक्रम की अगली कड़ी के रूप में 12 मई को संस्था ने स्थानीय वनखण्डेश्वर स्कूल में "रक्तदान जीवनदान का करो आह्वान" विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में 120 छात्रा–छात्राओं ने रक्तदान के महत्व को अपने चित्रों में उकेरा। श्रेष्ठ प्रतियोगियों को उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कृत किया गया।

## ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय सागर

भारत ओमान रिफाईनरी कर्मचारी संघ की ओर से सागर जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में 11 अप्रैल 2010 को एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें संघ के अध्यक्ष श्री सुनील सिरोठिया के जन्म दिन के अवसर पर रिफाईनरी के कर्मचारियों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

साथ ही दिनांक 28.04.2010 को ब्लड बैंक की ओर से 217 फील्ड रेजीमेन्ट के 44वें स्थापना दिवस के अवसर पर ढ़ाना, जिला सागर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 43 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

## डोनर मोटीवेशन एवं रिक्रूटमेन्ट का प्रशिक्षण

राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन की पहल पर प्रदेश में 15 जिलों का चयन डोनर मोटीवेशन एण्ड रिक्रूटमेन्ट के प्रशिक्षण हेतु किया गया है। इस तारतम्य में मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सहयोग से सागर (10 मार्च), रतलाम (18 मार्च), मन्दसौर (19 मार्च), भोपाल (23 मार्च), ग्वालियर (27 मार्च) तथा विदिशा (29 मार्च को) जिले में स्थित ब्लड बैंक में डोनर मोटीवेशन एण्ड रिक्रूटमेन्ट के प्रशिक्षण आयोजित किये गये। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में जिला स्तर पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से आए कुल 230 डोनर मोटीवेटर्स को स्वैच्छिक रक्तदान के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई जिससे स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करने में उनके द्वारा सक्रिय भूमिका निभाई जा सके।

## रेशनल यूज़ ऑफ ब्लड

मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सहयोग से भोपाल, ग्वालियर तथा रीवा में जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंको में रेशनल यूज़ ऑफ ब्लड के प्रशिक्षण आयोजित किये गये। उपरोक्त संस्थाओं में कुल 500 क्लीनीशियन्स को रेशनल यूज़ ऑफ ब्लड (रक्त के युक्तिपूर्ण उपयोग) के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

मुख्यधारा

# कम्युनिटी हेल्थ वर्कर्स के मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण



सलाहकार सुनीला राजा शर्मा संबोधित करते हुए।

समिति के मुख्यधारा घटक द्वारा कम्युनिटी हेल्थ वर्कर्स के मास्टर ट्रेनर्स का दो दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 03 एवं 04 जून 2010 को स्थानीय होटल रेवा रेजेन्सी में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन करते हुए सिविल सोसायटी मेनस्ट्रीमिंग सुनीला शर्मा राजा ने प्रशिक्षण के मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को एचआईवी/एड्स संक्रमण के आधारभूत तथ्यों की जानकारी देते हुए इससे बचाव, नियंत्रण एवं रोकथाम पर भी जानकारी दी।

कम्युनिटी हेल्थ वर्कर्स के श्री संतोष सिंह ने समाज के व्यक्तियों की एचआईवी पॉजिटिव व्यक्तियों के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को समझाया। समिति में युवा मामले के सलाहकार दीपक सरकार ने कम्युनिटी हेल्थ वर्कर्स के मास्टर प्रशिक्षकों को एचआईवी/एड्स संक्रमण की उत्पत्ति पर प्रकाश डालते हुए लक्षण एवं कारण तथा सामाजिक भेदभाव के बारे में बताया। समिति में सहायक संचालक आईसीटीसी रजी फराज खान ने प्रदेश में स्थित आईसीटीसी केंद्रों के बारे में जानकारी दी तथा एचआईवी जांच के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यशाला में एचआईवी पाजिटिव महिला अर्चना (परिवर्तित नाम) ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए एचआईवी वायरस के शिकार होने की स्थिति बताई। उन्होंने बताया कि संक्रमण से बचाव की जानकारी सही समय पर मिलने से फायदा हुआ कि एक संतान आज तक संक्रमण से दूर है। कार्यक्रम की अगली कढ़ी में सभी प्रतिभागियों ने रोल प्ले किया। इस रोल प्ले में छह–छह प्रतिभागियों के समूह ने अलग–अलग भूमिकाएं निभाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के व्यक्तियों में जागरुकता लाने के प्रयासों पर प्रकाश डाला।

कार्यशाला के अगले सत्र में कम्युनिटी केयर सेन्टर की परामर्शदाता अर्चना कश्यप ने एचआईवी संक्रमण के साथ जी रहे लोगों के लिए उपलब्ध इलाज, उपचार तथा सहायता सेवाओं के बारे में बताया। उन्होंने एआरटी दवाओं के नियमानुसार सेवन के जरिये स्वस्थ जीवन जीने की जानकारी दी। कार्यशाला के अंत में समस्त प्रतिभागियों ने एचआईवी/एड्स संक्रमण के प्रति जागरुकता लाने हेतु शपथ ग्रहण की।

## मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण

म.प्र. राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा **दिनांक 25 एवं 26 मई 2010** को होटल रेवा रेजेन्सी एम.पी. नगर में दो दिवसीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के मास्टर ट्रेनर्स हेतु एच.आई.वी./एड्स मुख्यधारा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में 25 प्रतिभागी उपस्थित हुये। प्रशिक्षण में सुश्री सुनीला शर्मा राजा, सलाहकार (सिविल सोसायटी मेनस्ट्रीमिंग) ने प्रतिभागियों को एच.आई.वी./एड्स पर बचाव, मदद एवं देखभाल आदि पर विस्तृत रूप से जानकारी दी तथा समाज की एच.आई.वी. पॉजिटिव व्यक्ति के प्रति सामाजिक जिम्मेदारियों को समझाया गया।

## ट्रेड यूनियन के सदस्यों का प्रशिक्षण

म.प्र. राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा **दिनांक 25 जून 2010** को होटल रेवा रेजेन्सी एम.पी. नगर में एक दिवसीय "विभिन्न ट्रेड यूनियन के सदस्यों का एच.आई.व्ही./एड्स मुख्यधारा का प्रशिक्षण आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में 30 प्रतिभागी उपस्थित हुये, जो विभिन्न ट्रेड यूनियन के सदस्य हैं। प्रशिक्षण में सुश्री सुनीला शर्मा राजा, सलाहकार (सिविल सोसायटी मेनस्ट्रीमिंग) द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को एच.आई.व्ही. /एड्स पर बचाव, मदद एवं देखभाल आदि पर विस्तृत रूप से व्याख्यान दिया तथा समाज के व्यक्तियों की एच.आई.वी. पॉजिटिव व्यक्ति के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को समझाया गया। म.प्र. राज्य एड्स नियंत्रण समिति के आई.ई.सी. घटक के कंसलटेंट (यूथ अफेयर्स) श्री दीपक सरकार द्वारा एच.आई.व्ही./एड्स की उपत्ति, कारण, लक्षण एवं उससे बचाव कैसे किया जाये, बताया गया। कार्यशाला में एच.आई.व्ही. पॉजिटिव व्यक्ति श्री रामचरण (परिवर्तित नाम) ने अपने जीवन के अच्छे–बुरे अनुभवों को प्रतिभागियों के साथ शेयर किया।



म.प्र. राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा **दिनांक 19 जून 2010** को वाल्मी में एक दिवसीय नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्षों के लिए एच.आई.वी./एड्स प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में 49 प्रतिभागी उपस्थित हुये। प्रतिभागियों को एच.आई.व्ही./एड्स पर बचाव, मदद एवं देखभाल आदि पर विस्तृत रूप से व्याख्यान दिया।

# स्वास्थ्य कार्यक्रमों को मजबूत बनाने के प्रयास



कार्यक्रम का एक दृश्य।

एच.आई.वी. के खतरनाक प्रभावों को खत्म करने में ए.आर.टी केन्द्र एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है। इसलिए यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि इन केन्द्रों में स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधा में सुधार लाया जाये। इसी विचार के साथ यूनिसेफ और मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति की संयुक्त कार्ययोजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश में चार गतिविधियों आयोजित की।

- **इंदौर ए.आर.टी. में बाल उद्यानः** एच.आई.वी. एड्स से प्रभावित बच्चों को सुखद, भरपूर एवं उत्पादक जीवन जीने के लिए हर कदम पर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उनके इलाज को सुचारू रूप से चलाये रखने के लिए चिकित्सीय वातावरण में सुखद खेलकूद का माहौल बनाये रखना महत्वपूर्ण है। इसी के मद्देनज़र यूनिसेफ के निर्देशन व सहायता से इंदौर ए.आर.टी केन्द्र में एक बाल उद्यान विकसित किया गया है। इस उद्यान का मुख्य उद्देश्य एड्स से ग्रसित बच्चों की मनोवैज्ञानिक, सामाजिक, भवानात्मक तथा भौतिक आवश्यकताओं को उनकी स्वास्थ्य सेवाओं की जरूरतों के साथ पूर्ण करना है।

- **ए.आर.टी. केन्द्रों में आदर्श अभ्यास/गतिविधियों पर कार्यशालाः–** ए.आर.टी सेवाओं के विस्तार के साथ–साथ यह आवश्यक है कि देखभाल एवं कार्यकम प्रबंधन के स्तर में सुधार किया जाये। इससे ए.आर.टी सेवाओं को बेहतर तरीके से लागू किया जाए तथा इसका योग्य एवं गुणात्मक दस्तावेजीकरण और समन्वय सुनिश्चित किया जा सके। इसी उद्देश्य के साथ यूनिसेफ तथा मध्यप्रदेश एड्स नियंत्रण समिति के सहयोग से इंदौर में "ए.आर.टी. केन्द्रों में आदर्श" अभ्यास विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में निम्नांकित मुद्दों पर चर्चा की गयी।

  I. ए.आर.टी की सेवा चाहने वाले व्यक्तियों के लिए बेहतर देखभाल सुनिश्चित करना।

  II. मरीजों के इलाज के लिए आदर्श कार्यप्रणाली विकसित करना।

  III. एच.आई.वी. ग्रसित मरीजों के लिए शिशु देखभाल, सहायता तथा उपचार उपलब्ध करना।

  IV. एच.आई.वी.–टी.बी. के सह–संक्रमण वाले मरीजों की पहचान तथा उनके उपचार में अतिरिक्त देखभाल तथा सहायता उपलब्ध कराना।




वक्ता वक्तव्य देते हुए।

- **लिंक ए.आर.टी. केन्द्रों में आदर्श अभ्यास पर कार्यशालाः** एन्टी रिट्रोवायल ट्रीटमेंट जीवन पर्यन्त चलने वाली प्रकिया है। इसके नियमित एवं सुचारू उपचार में ए. आर.टी केन्द्र से दूरी, यात्रा खर्च तथा अन्य असुविधायें बाधक साबित होती है। इसी के चलते दवा वितरण हेतु लिंक ए.आर.टी. केन्द्रों की आवश्यकता महसूस हुई जोकि स्थानीय ए.आर.टी. केन्द्रों से संबंद्ध रहेगी।

- **ए.आर.टी.** केन्द्रों के समान ही यह महसूस किया गया कि लिंक ए.आर.टी केन्द्रों में भी आदर्श अभ्यास तथा व्यवहार स्थापित किये जायें। इस उद्धेश्य की पूर्ति" हेतु लिंक ए.आर.टी में आदर्श अभ्यास/ व्यवहार" विषय पर यूनिसेफ तथा म.प्र. राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सहयोग से दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन इंदौर में किया गया। इस कार्यशाला में गुणात्मक देखभाल सुनिश्चित करने,ए.आर.टी तथा लिंक ए.आर.टी केन्द्रों के बीच बेहतर समन्वय, एच.आई.वी मरीजों के लिये शिशु देखभाल तथा सहायता सेवाओं तथा एच.आई.वी–टी.बी सह संक्रमण वाले मरीजों की पहचान तथा उनके उपचार में अतिरिक्त देखभाल व सहायता उपलब्ध कराने आदि मुद्दों पर विमर्श हुआ।



**प्रतिभागी कार्ययोजना तैयार करते हुए।**

- **इंदौर ए.आर.टी केन्द्र के कर्मचारियों का नई दिल्ली भ्रमण :** म.प्र.राज्य एड्स नियंत्रण समिति तथा यूनिसेफ भोपाल के सौजन्य से इंदौर ए.आर.टी केन्द्र के चुने हुए कर्मचारी नई दिल्ली की प्रशिक्षण यात्रा पर गये। इस भ्रमण का मुख्य उद्धेश्य था कि कर्मचारी, शिशु एच.आई.वी–एड्स प्रबंधन, दस्तावेजीकरण, समस्याएं सुलझाने के साधन तथा अन्य समस्याओं के बारे में बेहतर समाधान विकसित करें। इसके साथ ही अन्य केन्द्रों में देखभाल, सहायता व उपचार संबंधी आदर्श अभ्यासों तथा गतिविधियों को जानें तथा अपनाएं। यह यात्रा एच.आई.वी के संग रह रहे व्यक्तियों को बेहतर उपचार, देखभाल व सहायता कार्यक्रम में गुणात्मक परिवर्तन लायेगी। ए.आर.टी केन्द्र इन्दौर के कर्मचारियों के लिये यह यात्रा काफी ज्ञानप्रद रही। इस यात्रा से अर्जित ज्ञान ने इन कर्मचारियों में एच.आई.वी के संग रह रहे व्यक्तियों के उपचार तथा देखभाल की दिशा में नए उत्साह का संचार किया है।

## एड्स जागरुकता लोकगीत

एच.आई.वी की जांच करवा लो आई.सी.टी.सी. में जायेके।
वरना हम पीछे पछताहें, ऐसो समय गवायेंके।। टेक।।
कहो से आओ जो एच.आई.वी, कैसे होवें हमखें।
चार रूप से फैलत है भईया, बता रहे हम गायके।।1।।
एच.आई.वी. की जांच करवा लो ........................

बिना कण्डोम के जो कोई भईया, यौन संबंध बनावे,
एक रोगी की सुई को भईया, आपस में जो लगावे।
शारीरिक संबंध बनाओ भईया, निरोध लगाये के।। 2।।
एच.आई.वी. की जांच करवा लो ........................

एच.आई.वी. ग्रासित महिला गर गर्भवती हो जावे,
माता के द्वारा बच्चे को एच.आई.वी. हो सकता।
ऐसे समय डिलेवरी करवायें, अस्पताल में जाये के।।3।।
एच.आई.वी. की जांच करवा लो ....................

एच.आई.वी. संक्रमित रक्त को डॉक्टर हमें चढ़ावे,
एच.आई.वी./एड्स की भईया मुफ्त जांच हो जावे।
ऐसे एच.आई.वी. कैसे फैलता है बता रहे हैं गायके।।4।।

एच.आई.वी. की जांच करवा लो, एस.टी.आई. में जाय के।
मुफ्त जांच और मुफ्त दवाई मिलें वहां पर जाय के ।।
राजेश झारिया कथकर गावें सुनियों ध्यान लगाय के।
सुरक्षित संभोग करें सब देना एड्स भगाय के।।5।।

**- राजेश झारिया**

# एचआईवी जांच, एवं उपचार के लिए मध्यप्रदेश में उपलब्ध सेवा केंद्र

## ए.आर.टी. केन्द्र




**डॉ. व्ही.के. शर्मा**
विभागाध्यक्ष, मेडिसन विभाग
एवं नोडल अधिकारी ART केन्द्र
मेडीकल ओ.पी.डी., हमीदिया चिकित्सालय, भोपाल
दूरभाष क्रमांक – 0755–4064403 (98277 98255)
artcenterbhopal@rediffmail.com

**डॉ. मनोज पाराशर**
प्राध्यापक मेडिसिन विभाग
एवं नोडल अधिकारी ART केन्द्र, एन.एस.सी.बी.
मेडिकल कॉलेज, नागपुर रोड, जबलपुर
दूरभाष क्रमांक – 0761–2673031 (94253 85504)
rtmcjbp@yahoo.co.in

**डॉ. शिवशंकर शर्मा**
सहायक प्राध्यापक मेडिसिन विभाग
एवं नोडल अधिकारी ART केन्द्र
टिटनस वार्ड, एम.वाई. अस्पताल, इन्दौर
दूरभाष क्रमांक – 0731–2527879, 94253 17105
art.indore@yahoo.com

**डॉ. अनिल जैन**
नोडल अधिकारी, एआरटी केन्द्र,
मेडिसिन विभाग, आर.डी. गार्डी चिकित्सा महाविद्यालय, आगर रोड़ सुरासा, उज्जैन (म0प्र0)
फोन नं. 07368– 261212
e-mail : artrdgujj@gmail.com

**डॉ. एम.के. जैन**
प्राध्यापक, मेडीसिन विभाग
एवं नोडल अधिकारी, ए.आर.टी. केन्द्र श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय, रीवा फोन नं. 0766 2256239
rewaartcentre@gmail.com

**डॉ. ओ.पी. जाटव**
प्राध्यापक, मेडीसिन विभाग
एवं नोडल अधिकारी, ART केन्द्र
गजराराजा मेडीकल कॉलेज, ग्वालियर (म.प्र.)
फोन नं. 0751 2466661
artcentergwalior@gmail.com

## सी.सी.सी. केन्द्र

**आशा किरण कम्युनिटी केयर सेंटर**
ए एम.54,सातवीं लेन गुप्ता होटल के पीछे, शारदा कालोनी शक्ति नगर,जबलपुर

**विश्वास कम्युनिटी केयर सेंटर**
आर847 महालक्ष्मी नगर, पायोनियर इंस्टीटयूट के सामने, इंदौर

**साथी कम्युनिटी केयर सेंटर**
एम.आई.जी.ए5 / 16 महाकाल वाणिज्यिक केंद्र, उज्जैन

**मैत्री कम्युनिटी केयर सेंटर**
गांधी भवन,श्यामला हिल्य, पॉलीटेक्निक चौराहा, भोपाल

**आयुष्मान कम्युनिटी केयर सेंटर**
प्लांट नं.1976 एवं 1977 राजीव
आवास विहार के सामने, निरंजन रोड, इंदौर

**स्पर्श कम्युनिटी केयर सेंटर**
एच– 232, माधव नगर, नियर
ऑडिट भवन, ग्वालियर

# विद्यार्थियों को शामिल करें

मैं कुछ समय के लिए म.प्र. राज्य एड्स नियंत्रण समिति में अपर परियोजना संचालक पद पर पदस्थ रहा हूँ। एड्स टाइम्स में समिति के साथ पाठकों की प्रतिक्रियाओं को शामिल करना उपयोगी हो सकता है। अगर चाहें तो कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों को अतिथि संपादक बनाकर न्यूज लेटर से जोड़ा जा सकता है। दो पृष्ठ में प्रकाशित की जाने वाली सामग्री तैयार करने की जिम्मेदारी भी उन्हें सौंपी जा सकती है जिसमें वह विचार रख सकें तथा विद्यार्थियों तथा समुदाय के विचार और प्रतिक्रिया दर्शा सकें।

इस कार्यक्रम को अतिथि संपादक बनाने के लिए, प्रेरित करने के लिए, विद्यार्थियों में रूचि लाने हेतु मानदेय भी दिया जा सकता है। यह एक अच्छी शुरूआत हो सकती है।

**श्री राकेश मुंशी**
संयुक्त संचालक (स्वास्थ्य)

# जानकारी उपयोगी एवं सराहनीय

म.प्र. एड्स टाइम्स के मार्च 2010 अंक में प्रकाशित जानकारी उपयोगी एवं सराहनीय है। बधाई।

**श्री एन.के. शर्मा**
सचिव
इंडियन रेडक्रास सोसायटी, म.प्र.
राज्य शाखा

# स्तम्भ रोचक और पठनीय

''जीना इसी का नाम है'' स्तम्भ रोचक और पठनीय लगा। इस स्तम्भ के जरिये एचआईवी वायरस के साथ संघर्ष कर रहे लोगों के जीवन को प्रेरणा मिलेगी। इस स्तम्भ की प्रस्तुति के लिए बधाई।

**अनुपम बोहरे, विदिशा**
**परामर्शदाता**

Book-Post

To,

## आपकी प्रतिक्रिया

एड्स टाइम्स के लिये पाठकों के लेख, कार्यक्रम/गतिविधियों के प्रतिवेदन तथा एचआईवी/एड्स संचार के क्षेत्र में आपके नवीन प्रयासों का स्वागत है।

कृपया अपने लेख हमारे कार्यालय को जरूर प्रेषित करें। एड्स टाइम्स के इस अंक पर आपके सुझाव, प्रतिक्रियाओं से भी हमें जरूर अवगत करवाएं।

**मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति**
सूचना, शिक्षा एवं संचार शाखा
द्वितीय तल, तिलहन संघ भवन, 1, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)
फोन +0755-2577629, फैक्स +0755-2556619
E-mail : mpsacs@gmail.com, Website : www.mpscsb.og